संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 232
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 25 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



एआई अपराधियों को नहीं बचा पाएगा, प्रदेश की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उन्हें खोज निकालेगी : सीएम योगी

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक जैसी तकनीकों के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ लें, उत्तर प्रदेश की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उन्हें खोज निकालेगी। एआई मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। तकनीक का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक पर पूरी तरह निर्भर हो जाए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराध अनुसंधान प्रभावी होगा और न्याय मिलने में होने वाली देरी कम की जा सकेगी।



मुख्यमंत्री शनिवार को लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम 2026' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में काम करने वाले 'स्मफ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का शुभारंभ किया। साथ ही कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, 'अभेद्य' परियोजना की आधारशिला रखी और 'एआई इन कंस्ट्रक्शन' पुस्तक का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून–व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया कि करीब 100 एकड़ जमीन पर बने इस संस्थान की भूमि पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू–माफिया का कब्जा था। वर्ष 2017 में पुलिस अधिकारियों से जानकारी मिलने के बाद जांच कराई गई और भू–माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। दूसरी एफआईआर दर्ज होते ही उसने आत्मसमर्पण कर जमीन छोड़ दी। योगी ने कहा कि एक दशक पहले लखनऊ में साइबर फॉरेंसिक और क्वांटम तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा करना भी सपने जैसा लगता था। आज उसी जमीन पर बना संस्थान वैज्ञानिक जांच, आधुनिक अपराध अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा को नई दिशा दे रहा है।

फॉरेंसिक विज्ञान की उपयोगिता समझाते हुए मुख्यमंत्री ने लोकप्रिय टीवी सीरियल 'सीआईडी' का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पहले लोग टेलीविजन पर देखते थे कि एक बाल या फिंगरप्रिंट के आधार पर अपराधी तक कैसे पहुंचा जाता है। अब फॉरेंसिक विज्ञान और आधुनिक तकनीक की मदद से वास्तविक जीवन में भी ऐसी जांच संभव हो रही है।

मुख्यमंत्री ने एक माफिया के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि उसने वर्ष 1980 में पहला अपराध किया था, लेकिन साक्ष्यों के अभाव और डीएनए सैंपल नष्ट होने के कारण उसे वर्ष 2022 में, यानी 42 साल बाद सजा मिल सकी। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण बताता है कि अपराध की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्य कितने महत्वपूर्ण हैं और समय पर साक्ष्य जुटाना क्यों जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसी जरूरत को देखते हुए प्रदेश की सभी 18 पुलिस रेंजों में फॉरेंसिक लैब विकसित की जा रही हैं। इनमें 12 लैब तैयार हो चुकी हैं, जबकि छह अन्य अंतिम चरण में हैं। इसके अलावा 150 से अधिक फॉरेंसिक वैन तैनात की गई हैं, ताकि घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए जा सकें और जांच में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विवेचना मजबूत करने से न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी कम करने में मदद मिलेगी।

जल निकायों की अनदेखी नहीं कर सकते

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिया चार महीने का समयय क्या निर्देश दिए?

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब मूल्यवान जल निकायों की सुरक्षा नहीं की जा रही हो, तो अदालतें इस स्थिति की अनदेखी नहीं कर सकतीं। शीर्ष कोर्ट ने सभी राज्यों और संबंधित अधिकारियों को आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) की मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने और उनकी सीमाएं तय करने का निर्देश दिया है।



> यह अदालत केवल मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती और जल निकायों को असुरक्षित छोड़ने के परिणामों की अनदेखी नहीं कर सकती।
>
> सुप्रीम कोर्ट

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि जल निकाय पीने के पानी का स्रोत हैं। इसलिए वे बेहद मूल्यवान (कीमती) हैं। वे संविधान के तहत मिले जीवन के अधिकार के दायरे में आते हैं। पीठ ने कहा, यह अदालत केवल मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती और जल निकायों को असुरक्षित छोड़ने के परिणामों की अनदेखी नहीं कर सकती।

इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और आर्द्रभूमि प्राधिकरणों को अपने निर्देश फिर से याद दिलाए। कोर्ट ने कहा कि यदि जल निकायों की मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच अभी तक नहीं की गई है, तो यह काम किया जाए। इसके बाद इस प्रक्रिया में अपनाए गए तरीके और कार्यप्रणाली का विवरण देते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल किया जाए।

कोर्ट ने शुरुआत में कहा था कि ये हलफनामे अधिकतम चार सप्ताह के भीतर दाखिल किए जाने चाहिए। पीठ ने कहा, वरिष्ठ वकील शेखर नाफड़े ने जोरदार तरीके से दलील दी है कि अधिकारियों की ओर से मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करना समय लेने वाला काम होगा। उन्होंने इसके लिए छह से नौ महीने का उचित समय देने की मांग की है।

पीठ ने कहा कि वह इस काम में लगने वाले व्यापक जमीनी प्रयासों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की जरूरत से अवगत है। पीठ ने कहा, फिर भी स्थिति को ध्यान में रखते हुए हम इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चार महीने का समय देना उचित समझते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियमों के प्रकाशित होने की तारीख से नौ साल बीत जाने के बाद भी जल निकायों की वास्तविक स्थिति की जांच और उनकी सीमाएं तय करने का काम पूरा नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट पक्षी प्रेमी आनंद आर्य, वकील एमके बालकृष्णन और गैर–सरकारी संगठन वनशक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

'पीस बॉन्ड पर साइन नहीं करूंगी', हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद भी नेहा बोरा का इनकार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में विरोध–प्रदर्शनों को लेकर जारी पीस बॉन्ड के मामले में आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के बॉन्ड का इस्तेमाल शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के संवैधानिक अधिकार को सीमित करने के लिए किया जा सकता है। नेहा ने साफ किया है कि वह खुद इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी और न ही आइसा के किसी सदस्य से ऐसा करने को



कहेंगी। यह मामला उस समय चर्चा में आया, जब स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) ने नेहा बोरा को पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए नोटिस जारी किया। इसके बाद उन्होंने नोटिस को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। नेहा बोरा ने पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर नहीं करने के पीछे अपने तर्क भी रखे हैं। उनका कहना है कि यह कदम केवल उनके व्यक्तिगत मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर भविष्य में अन्य लोगों के विरोध–प्रदर्शन करने के अधिकार पर भी पड़ सकता है।

भारत को सिर्फ बाजार नहीं मानतीं जर्मन कंपनियां

गोयल बोले– रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग में साथ बढ़ने की तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के बर्लिन में भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अब जर्मन कंपनियों के लिए सिर्फ सामान बेचने का बाजार नहीं रह गया है। जर्मनी भारत को मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और नई तकनीक विकसित करने के बड़े केंद्र के रूप में देख रहा है। जर्मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और भारत की प्रतिभा मिलकर दोनों देशों के लिए नए अवसर पैदा कर सकती हैं।



> भारत अब जर्मन कंपनियों के लिए सिर्फ सामान बेचने का बाजार नहीं रह गया है। वे भारत को मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और नई तकनीक विकसित करने के बड़े केंद्र के रूप में देख रही हैं।
>
> पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

पीयूष गोयल ने विदेशों में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शोधकर्ताओं को देश लौटने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार उद्योग जगत, विश्वविद्यालयों और प्रमुख शोध संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगी। कोशिश होगी कि भारत में ऐसा माहौल तैयार किया जाए, जहां प्रतिभाशाली लोगों को अपने काम को आगे बढ़ाने के बेहतर अवसर मिलें। मंत्री ने बताया कि भारतीय शोधकर्ताओं से यह समझने की कोशिश की जा रही है कि वे देश लौटने के लिए किन सुविधाओं की उम्मीद करते हैं। उनके मुताबिक, प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करने के लिए केवल अच्छा वेतन देना काफी नहीं है। बेहतर प्रयोगशालाएं, आधुनिक उपकरण, शोध के लिए जरूरी संसाधन और उद्योगों से जुड़कर काम करने के मौके भी उतने ही जरूरी हैं।

गोयल ने कहा कि भारत की युवा आबादी, कुशल पेशेवर और वैज्ञानिक प्रतिभा देश को कई तकनीकी क्षेत्रों में आगे ले जा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि उद्योग और शोध संस्थान मिलकर नई तकनीक विकसित करें और उसे बाजार तक पहुंचाएं। उन्होंने पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, बैटरी, लॉजिस्टिक्स और कृषि को सहयोग के अहम क्षेत्र बताया। बर्लिन दौरे के दौरान गोयल ने जर्मन कंपनियों और शोध संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने जर्मनी के फ्रॉनहोफर संस्थानों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां करीब 22,000 वैज्ञानिक काम करते हैं और इनका बजट दो अरब यूरो से अधिक है।

कांग्रेस ने कभी संविधान का पालन नहीं किया, अपनी मनमानी से देश चलाया : नितिन नवीन

रांची (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी (कांग्रेस) ने कभी संविधान का पालन नहीं किया और अपनी मनमानी से देश चलाया। झारखंड के तीन–दिवसीय दौरे पर आए नवीन यहां भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के उद्घाटन सत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, आज देश में संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को



चुनौती देने की कोशिश की जा रही है। संविधान की दुहाई देने वालों ने ही उसे तार–तार किया है। नवीन ने कहा, आपातकाल लगाने से लेकर कई राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू करने तक, कांग्रेस ने कभी संविधान का पालन नहीं किया और मनमाने तरीके से देश चलाया। लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश करने वाले ही आज हमें इस पर उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। नवीन ने कहा, इसके लिए उन्हें न केवल देश के भीतर से, बल्कि विदेशी ताकतों से भी समर्थन मिल रहा है। राहुल गांधी अब देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं, लेकिन जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब उन्होंने कभी इन पर सवाल नहीं उठाए।श्र कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करने से पहले नवीन ने सभी जिला अध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक की।

मेटा चश्मे में छिपा था स्टिंग का खेल?

शिवकुमार बोले– मेरी और सतीशन की जासूसी की कोशिश, मंत्रियों को दी सलाह

बंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने आरोप लगाया है कि उनसे मिलने आया एक उद्योगपति मेटा स्मार्ट चश्मा पहनकर राजनीतिक बातचीत रिकॉर्ड करने की कोशिश कर रहा था। शिवकुमार को शक है कि यह किसी स्टिंग ऑपरेशन का हिस्सा था, जिसके निशाने पर वह खुद और केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीसन थे। शिवकुमार के मुताबिक, उस उद्योगपति ने अधिकारियों के जरिए उनसे मिलने का समय लिया था। शुरुआत में उसने कारोबार से जुड़ी बातें कीं, लेकिन बाद में बूथ स्तर की रणनीति और राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करने लगा। इसी दौरान शिवकुमार की नजर उसके चश्मे पर पड़ी और उन्हें शक हुआ।

शिवकुमार ने कन्नड़ के एक न्यूज चैनल को बताया कि शक होने पर उन्होंने अधिकारियों से उस उद्योगपति के बारे में जानकारी जुटाने को कहा था। उनके मुताबिक, जांच में पता चला कि वह व्यक्ति केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीसन से मिलने के दौरान भी यही चश्मा पहनकर गया था। शिवकुमार ने दावा किया कि उस उद्योगपति ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस या किसी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के समय ऐसा चश्मा नहीं पहना था।

> मुझसे मिलने आया एक उद्योगपति मेटा स्मार्ट चश्मा पहनकर राजनीतिक बातचीत रिकॉर्ड करने की कोशिश कर रहा था। मुझे शक है कि यह किसी स्टिंग ऑपरेशन का हिस्सा था, जिसके निशाने पर मैं और केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन थे।
>
> डी के शिवकुमार, मुख्यमंत्री, कर्नाटक



शिवकुमार ने न तो उस उद्योगपति का नाम बताया और न ही इस बात का कोई सबूत पेश किया कि चश्मे से बातचीत रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने इतना जरूर कहा कि इस मामले में जरूरी एहतियाती कदम उठाए गए हैं, लेकिन फिलहाल इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। कार्रवाई की सवाल पर उन्होंने कहा कि किसने कहा कि कार्रवाई की मांग नहीं की गई? आपको इसकी जानकारी नहीं है, बस इतनी सी बात है। हमने सभी जरूरी एहतियाती कदम उठाए हैं, लेकिन अभी इसका खुलासा नहीं करेंगे।शिवकुमार ने बताया कि उन्होंने अपने कैबिनेट सहयोगियों को भी सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने मंत्रियों से कहा है कि वे अपने आसपास काम करने वाले लोगों, फोन कॉल और दूसरे तरीकों से उन्हें फंसाने की किसी भी कोशिश को लेकर सावधान रहें।

आतंकवाद के आरोपी को इतनी छूट क्यों दी गई

अमेरिकी नागरिक की रिहाई पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने शनिवार को अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक की रिहाई पर सवाल उठाए। वैनडाइक म्यांमार में हथियारों का प्रशिक्षण देने के मामले में आरोपी है। कांग्रेस ने पूछा कि आतंकवाद के आरोपी किसी विदेशी नागरिक को इतनी छूट क्यों दी जा रही है? कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने इस मामले पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा तब कर रही है, जब वह श्वोट चोरीश के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले युवाओं को गिरफ्तार कर रही है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ



आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक को कल रिहा कर दिया गया। उसे चार महीने के लिए अपने देश लौटने की अनुमति दी गई। आतंकवाद के आरोपी किसी विदेशी नागरिक को इतनी छूट क्यों दी गई? रमेश ने आगे कहा, यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब सरकार ने पिछले महीने वोट चोरी के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान युवा कार्यकर्ताओं और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने और गिरफ्तार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। कांग्रेस नेता ने बताया कि मई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की पिछली भारत यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया गया था। रुबियो इसी सप्ताह फिर भारत आए थे। वैनडाइक की रिहाई के बाद रमेश ने पिछले महीने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने प्रधानमंत्री को श्समझौता कर चुके प्रधानमंत्रीश बताया था। रमेश ने दावा किया था कि अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने मई में भारत का दौरा किया था। उस दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के सामने यह मुद्दा उठाया था।रमेश के मुताबिक, आठ सितंबर को वैनडाइक के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत लगे आरोप हटा दिए गए थे।

संपादकीय

पोषण के भ्रामक दावे

कंपनियों की आक्रामक मार्केटिंग व विज्ञापनों के खेल से भारत में बच्चों के विकास के लिए जरूरी पोषक पदार्थों को बेचने का उपक्रम देश में दशकों से चला आ रहा है। इस प्रचार के खेल में फिल्मी व ग्लैमर की दुनिया की हस्तियां मोटी रकम लेकर शामिल हो जाती हैं। विडंबना यह है कि देश का आम उपभोक्ता देशी–विदेशी खाद्य पदार्थ बेचने वाली कंपनियों के उन दावों पर भरोसा कर लेता है, जिनमें बच्चों के तेज विकास, मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा दिमाग तेज करने के वादे किए जाते रहे हैं। लेकिन वास्तव में माता–पिता को इन दावों के वैज्ञानिक प्रमाण मिलने चाहिए, न कि लुभावने विज्ञापन। शिशुओं के विकास के लिए बनाए गए फार्मूले और कॉम्प्लान से संबंधित दावों को लेकर नेस्ले इंडिया और जाइडस वेलनेस को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई द्वारा नोटिस जारी किए गए, जिसने पोषण संबंधी दावों की विश्वसनीयता और सख्त नियामक निगरानी की आवश्यकता पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियामक ने कॉम्प्लान के शिशुओं के तीव्र गति से विकास और एकाग्रता, स्मृति तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता से संबंधित लाभ जैसे दावों पर सवाल उठाए हैं। नियामक ने नेस्ले को उसके शिशु आहार के फार्मूले में खास प्रोटीन की पाचन क्षमता और मां के दूध के समान रोग प्रतिरोधक क्षमता में सहायक लाभों को प्रमाणित करने के लिए कहा है। निस्संदेह, उत्पाद खरीदते समय ऐसे दावे माता–पिता के निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। विशेष रूप से जब बच्चे के विकास को लेकर चिंताएं परिवार को बेहतर पोषण के वादों के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। इस मामले में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा ऑनलाइन प्रचार की भी जांच की गई, जिसमें शिशु आहार फार्मूला उत्पादों की गुणवत्ता की रैंकिंग की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि इसके उपयोग से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता, मस्तिष्क के विकास और पाचन में लाभ मिलता है। आमतौर पर ऐसे प्रचारक मोटी फीस लेकर उपभोक्ताओं को ठेस पहुंचाने का ही काम करते हैं। निस्संदेह, इस प्रकरण के बाद डिजिटल विज्ञापनों के नियमन की बढ़ती चुनौती भी सामने आती है। दरअसल, ऐसे भ्रामक व्यावसायिक प्रचार से कभी–कभी वास्तविक लाभ देने वाली सलाह होने का भ्रम भी पैदा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि 'शिशु दुग्ध विकल्प अधिनियम' के तहत लगाई गई पाबंदियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसका मकसद शिशुओं को मां का दूध देने की स्वास्थ्यकारी प्रथा को अनुचित व्यावसायिक प्रभावों से होने वाले नुकसान से बचाना है। वैसे देखें तो भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा दिए गए ये नोटिस मुनाफे के लिए किए जा रहे किसी गलत कार्य के अंतिम निष्कर्ष नहीं कहे जा सकते हैं। निश्चित रूप से इस प्रकरण में कंपनियों को भी अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना ही चाहिए। वहीं दूसरी ओर, उनके बढ़–चढ़कर किए जाने वाले दावों की जांच विश्वसनीय सबूतों और नियमों के आधार पर ही की जानी चाहिए। हालांकि, देश के नियामकों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बिना तार्किक आधार वाले या गुमराह करने वाले दावों को उत्पाद बनाने वाली कंपनियों द्वारा तुरंत सुधारा जाए। वहीं दूसरी ओर, नियमों का उल्लंघन करने वाले उत्पादकों पर उचित कार्रवाई की जाए। वैसे तो हमारे देश में आमतौर पर खाद्य उत्पादों के लेबल और विज्ञापन ही अक्सर उपभोक्ताओं के लिए जानकारी के मुख्य स्रोत होते हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों व अशिक्षित लोगों में यह समस्या ज्यादा होती है। इसलिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को अपनी जांच–पड़ताल सख्ती से करनी चाहिए। निश्चित रूप से प्रवर्तन एजेंसियों के नतीजे सामने आने पर सार्वजनिक किए जाने चाहिए। साथ ही, भविष्य में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निर्माता किसी उत्पाद को बाजार में उतारने से पहले अपने दावों को सच्चाई की कसौटी पर सही साबित करे। निश्चित रूप से पोषण संबंधी मार्केटिंग का मकसद सही जानकारी देना होना चाहिए, न कि लोगों को गुमराह करना।

जेन जी के रेहान वाड्रा पर भाजपा का वार

एजेन्सी

सोशल मीडिया पर एक गीत की इस समय खूब चर्चा हो रही है, जिसे अदिति एवं साथियों की पेशकश कहा जा कहा है, गीत का मुखड़ा है– कैसा घबराया साहिब, बात–बात पर डरता है। डगमग–डगमग होवे कुर्सी, धर्म को आगे करता है। पूरे गीत में किसी का नाम नहीं है, लेकिन जनता समझदार है और जानती है कि किसके बारे में बातें हो रही हैं। वैसे इस गीत को सार्थक करती घटनाएं लगातार घट ही रही हैं। अभी ताजा प्रसंग युवा छायाकार रेहान वाड्रा का है। रेहान वाड्रा की खींची तस्वीरों की प्रदर्शनी कई बार लग चुकी है। दिल्ली के बीकानेर हाउस में ही पहली बार उन्होंने जुलाई 2021 में अपनी तस्वीरों की पहली प्रदर्शनी लगाई थी। अब एक बार फिर उसी बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की एक और प्रदर्शनी बुधवार को लगी, लेकिन अब यह विवादों में आ गई है। क्योंकि अधिकारियों ने प्रदर्शनी से चंद घंटे पहले कम से कम 70 तस्वीरों को हटवा दिया। कला पर सेंसरशिप का ये नया मामला है। वैसे रेहान वाड्रा का एक परिचय यह भी है कि वे कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बेटे हैं। वे कई मौकों पर अपनी मां के साथ दिखाई देते हैं, लेकिन मंच पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराते। उनके मामा राहुल गांधी ने दो साल पहले 2024 में दीपावली पर उनके साथ एक वीडियो शेयर कर जनता को दीपावली की बधाई दी थी। इसमें रेहान अपने मामा के साथ दीवारों पर रंग–रोगन करने वाले कामगारों के साथ नजर आए थे। रेहान वाड्रा जब भी ऐसे किसी वीडियो में या सार्वजनिक स्थानों पर नजर आते हैं, तो उनके राजनीति में आने की चर्चाएं तेज हो जाती हैं। हालांकि वे बतौर छायाकार अपनी राह पर आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तस्वीरों से बता रहे हैं कि उनकी पॉलिटिक्स क्या है। बहरहाल, अब रेहान वाड्रा पर सेंसरशिप का हमला कर भाजपा ने खुद ही उनके लिए राजनैतिक मंच पर जगह बना दी है। गुरुवार को मीडिया में इस बात की काफी चर्चा रही कि रेहान वाड्रा की खींची तस्वीरों से भाजपा डर गई है। इस बारे में खुद रेहान ने बताया कि श्नो आइडिया इज फाइनल्य इस शीर्षक के अंतर्गत बुधवार शाम सात बजे बीकानेर हाउस में उनकी तस्वीरों की प्रदर्शनी शुरु होने वाली थी, लेकिन इसके दो घंटे पहले वहां के प्रबंधन ने उन्हें कहा कि कुछ तस्वीरें उनकी पॉलिसी के खिलाफ हैं। और उन तस्वीरों को हटाने का आदेश दिया। रेहान के मुताबिक ये तस्वीरें दिल्ली में पिछले एक साल के दौरान हुए युवा आंदोलनों के दौरान खींची गई थी। उन्होंने कहा कि श्मैंने एक हफ्ते पहले ही सारी तस्वीरों का लेआउट शेयर कर दिया था, लेकिन तब कोई आपत्ति नहीं जताई गई, लेकिन अब कहा गया कि इन तस्वीरों में राजनैतिक संदेश है। इसके बाद रेहान ने राजनीतिक दलों और नेताओं से जुड़ी कई तस्वीरें हटा दी। लेकिन प्रबंधन ने दबाव डाला कि इन 70 तस्वीरों में से कोई भी नहीं लगाई जाएगी। इसके बाद बीकानेर हाउस प्रबंधन ने उन्हें 3.30 बजे एक नोटिस भेजा जिसमें लिखा था, श्अगर आप शाम 5 बजे तक इन्हें नहीं हटाते हैं, तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा और प्रदर्शनी रद्द कर दी जाएगी। रेहान ने कहा कि मैंने तिरंगे की दो तस्वीरें लगाई थीं, और उन्होंने कहा, इसे हटा दो। मैंने कहा, यह आपकी पॉलिसी के खिलाफ कैसे हो सकता है? तो तिरंगे का सवाल अब मोदी सरकार पर भारी पड़ता जा रहा है। पिछले हफ्ते ही कनॉट प्लेस में लहरा दो तिरंगा अभियान को पुलिस ने किस तरह रोका यह पूरे देश ने देखा है। इससे पहले जंतर–मंतर पर तिरंगा लेकर जाने के लिए सौरव दास और आशुतोष रांका को हिरासत में लिया गया था और आठ दिन बाद उन्हें बुधवार को सशर्त रिहा किया गया। हालांकि दोनों ने फिर से तिरंगा लेकर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर दी है। यानी किसी न किसी तरह, किसी न किसी मंच से मोदी सरकार और वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठ ही रही है। सरकार का डर इसी वजह से बढ़ रहा है। रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी में तस्वीरों को हटाना इसी डर का सबूत है। चूंकि बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार के अंतर्गत आता है और राजस्थान में भाजपा की सरकार है। इसलिए इस सेंसरशिप के पीछे भाजपा का हाथ है, यह साबित हो रहा है। लेकिन इस घबराहट में भाजपा सरकार यह भूल रही है कि रेहान वाड्रा की तस्वीरों पर पाबंदी लगाने लोग जंतर–मंतर पर बनी सरकार विरोधी छवियों को भूलेंगे नहीं। एक हॉल के भीतर लगी चंद तस्वीरें तो यूं भी व्यापक जनता की नजरों से दूर ही थीं। दिल्ली के बीकानेर हाउस में इन तस्वीरों को देखने कुछ सौ लोग ही जाते, लेकिन जंतर–मंतर या दिल्ली या देश के दूसरे शहरों में जो हजारों–लाखों लोग लगातार सरकार के खिलाफ उतर चुके हैं, उनकी तस्वीरें तो देश–दुनिया में पहुंची हुई हैं। चाहे बिहार का छात्र आंदोलन हो, या मुंबई के आजाद मैदान की रैली या जंतर–मंतर पर जेन जी आंदोलन विदेशी– देशी मीडिया में इसे पर्याप्त कवरेज मिली है। सोशल मीडिया पर लगातार इसकी चर्चाएं हुई हैं। इन तस्वीरों पर मीम्स बने, रील्स बनीं, जिन्हें कई बार शेयर या रिपोस्ट किया गया। यानी करोड़ों लोगों के मोबाइल में आंदोलनों की तस्वीरें कैद हैं, यह तय है। अब भाजपा को सोचना होगा कि वह कहां तक इन तस्वीरों को मिटा सकेगी। मान लें कि वह करोड़ों मोबाइलों पहुंच चुकी तस्वीरों और वीडियो को भी मिटाने में सक्षम है, तब भी क्या लोगों के जेहन में कैद तस्वीरों को वह मिटा सकेगी। असल में आंदोलन से डरी सरकार ने रेहान वाड्रा की छायाचित्र प्रदर्शनी पर रोक लगाने की कोशिश कर एक और मूर्खतापूर्ण कदम उठा लिया है। इससे पहले कभी किसी कैरिकेचर पर सरकार को आपत्ति हुई, कभी किसी स्टैंडअप कॉमेडियन के खिलाफ कार्रवाई हुई, लेकिन इसके बावजूद सरकार विरोधी आवाजें उठना बंद नहीं हो रही हैं, बल्कि अब डर कायम करने के माहौल की धज्जियां जेन जी उड़ा रही है। भाजपा ध्यान दे कि सौरव दास और आशुतोष रांका पर तो जेन जी न होने का तंज किया गया, लेकिन रेहान वाड्रा पर तो यह तंज भी काम नहीं आएगा। क्योंकि वे जेन जी के ही नुमाइंदे हैं।

पाबंदी से अमेरिका को भी नुकसान

राजेश पांडेय

चुनाव नजदीक आते ही राजनेता लुभावनी घोषणाएं करते हैं। रियायतों का ढेर लगाते हैं। समर्थकों का भरोसा बनाए रखने के वास्ते उनकी पसंद के फैसले लेते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों ऐसा ही कर रहे हैं। वहां नवंबर में संसद के मध्यावधि चुनाव हैं। ट्रम्प की नजर संसद के दोनों सदनों में उनकी रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत हासिल करने पर है। लेकिन एक अजीब विरोधाभास उनके सामने है। पिछली तिमाही में अमेरिका की विकास दर 4 प्रतिशत की शानदार रफ्तार से आगे बढ़ी है। बेरोजगारी दर 4प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। फिर भी, कुछ सर्वे ट्रम्प की रेटिंग में गिरावट दर्शा रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के मुकाबले रिपब्लिकन पार्टी की स्थिति कमजोर बताई गई है। कई कारणों से ऐसे हालात बन रहे हैं। जीवनयापन का खर्च बढ़ने से लोग असंतुष्ट हैं। तेल, गैस, बिजली के मूल्य आसमान छू रहे हैं। मकानों की कीमत और उनका किराया नई ऊंचाइयों पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खिलाफ लोगों में गुस्सा है। बिजली और पानी की खपत बढ़ाने वाले डेटा सेंटरों का कई राज्यों में विरोध हो रहा है। लिहाजा, ट्रम्प ने वोटरों की भावनाओं को शांत करने के लिए कुछ फैसले लिए हैं। वे अपने माइग्रेशन विरोधी पुराने एजेंडा को दोहरा रहे हैं। इस माह के दूसरे सप्ताह में अमेरिकी सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट, एडोब जैसी आईटी कंपनियों सहित कुछ भारतीय कंपनियों को निशाना बनाया है। इनमें टीसीएस, कॉग्निजेंट, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल और कैपजेमिनी शामिल हैं। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कुछ कंपनियों द्वारा एच–1बी वीजा और पर्म कार्यक्रमों के दुरुपयोग और धोखाधड़ी की जांच शुरू की है। एच–1बी वीजा के तहत अमेरिकी कंपनियां अस्थायी तौर पर विदेशियों की भर्ती कर सकती हैं। परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (पर्म) में ग्रीन कार्ड से विदेशी कर्मचारियों को स्थायी निवास की सुविधा मिलती है। आईटी कंपनियों के लिए इन प्रावधानों पर पाबंदी लगा दी गई है। ट्रम्प प्रशासन की धारणा है कि विदेशी कर्मचारियों पर निर्भरता के कारण अमेरिकी कामगारों को कम जॉब मिल रहे हैं। सरकार द्वारा आईटी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने आग में घी डालने का काम किया। उन्होंने एच–1बी वीजा के तहत आए विदेशी कर्मचारियों को विदेशी बंधुआ कामगार करार दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि ऐसे कथन अवांछनीय हैं। इस तथ्य की अनदेखी करते हैं कि अमेरिका में कार्यरत भारतीय पेशेवर कर्मचारी उच्च शिक्षित, हुनरमंद हैं और उसकी अर्थव्यवस्था, इनोवेशन के सिस्टम में योगदान देते हैं। टेक्नालॉजी इंडस्ट्री की संस्था नेस्कॉम ने भारत के पक्ष को आगे बढ़ाते हुए कहा कि एच–1 बी वीजा प्रोग्राम ने अमेरिका में कुशल लोगों की कमी को पूरा करने में भूमिका निभाई है। लंबे समय बाद भारत ने अमेरिका के खिलाफ कोई तीखी टिप्पणी की है। कई मौकों पर ट्रम्प भारत की अहमियत को कम आंकने वाली टिप्पणियां कर चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रति अनुकूल रुख दिखाया है। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को रोकने में अमेरिका की मध्यस्थता का बार–बार जिक्र किया है। जबकि भारत कहता रहा कि यह फैसला उसका है। ट्रम्प के रुख से विदेश नीति विशेषज्ञ भी हैरान हैं। उन लोगों को जबर्दस्त आघात लगा जो मानते थे कि ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अच्छा तालमेल होने से अमेरिका से रिश्ते और ज्यादा मधुर होंगे। वे सितंबर 2019 में अमेरिका, ह्यूस्टन में ट्रम्प के साथ भारत–अमेरिकी समुदाय की रैली में मोदी द्वारा अब की बार ट्रम्प सरकार का नारा लगाने का जिक्र भी करते हैं। हालांकि, विदेश नीति निजी रिश्तों पर नहीं बल्कि तात्कालिक राष्ट्रीय हितों और शीर्ष नेता के झुकाव पर निर्भर करती है। 1990 के दशक से अमेरिका के राष्ट्रपतियों ने खासकर एशिया में चीन के मुकाबले भारत को खड़ा करने की नीति को आगे बढ़ाया था। ट्रम्प अब ऐसा करने की जरूरत नहीं समझते हैं। वे तो चीन के साथ मिलकर (जी–2) दुनिया पर शासन करने का इरादा जताते हैं। उनकी विदेश नीति भी उनके अस्थिर मिजाज के समान है। उनका एक फैसला इसका सबूत है। उन्होंने अभी हाल में भारत, चीन सहित अन्य देशों पर रूसी तेल खरीदने पर टैरिफ लगाने का फैसला वापस ले लिया है। रूसी तेल खरीद पर प्रतिबंध के फैसले से पीछे हटने और जेडी वांस द्वारा एच–1 बी वीजा के संबंध में अपने बयान में सुधार करने की घटना से अमेरिकी नीति के विरोधाभास उभरते हैं। वांस ने स्वीकार किया कि वीजा के बारे में उनका बयान अधूरा है। उन्होंने जोर दिया, मेरा निशाना विदेशी कर्मचारी नहीं बल्कि उनका शोषण करने वाली कंपनियां हैं। वांस की निगाह भविष्य पर भी है। उन्हें 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। अलबत्ता, खुद वांस के लिए निजी तौर पर इमिग्रांट्स का विरोध करना असुविधाजनक है। वांस की पत्नी उषा चिलुकुरी भारतीय मूल की हैं। उनके माता–पिता 1970 के दशक में भारत से अमेरिका आकर बसे थे। उषा का जन्म अमेरिका में हुआ है। उनकी वांस से मुलाकात येल यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज में कानून की पढ़ाई के दौरान हुई थी। दोनों ने 2014 में विवाह किया है। ट्रम्प एक तरफ तो इमिग्रांट्स का विरोध करते हैं। उसे अपना चुनावी एजेंडा बनाते हैं। दूसरी ओर वे अमेरिकी टेक्नालॉजी में दिग्गज कंपनियों की भूमिका पर सरकार की मुहर लगाते हैं। टेक कंपनियों पर बंदिश का फैसला लेने के कुछ दिन बाद ट्रम्प ने टेक जगत की छह बड़ी हस्तियों को देश के साइंस, टेक्नालॉजी के सबसे बड़े सम्मान से विभूषित किया। इनमें से पांच– टेस्ला के इलोन मस्क, गूगल के सर्जी ब्रिन, एनवीडिया के जेनसेन हुआंग।

, एएमडी की लीसा सू, माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला विदेशी हैं। केवल डेल टेक्नालॉजीस के माइकेल डेल अमेरिका में जन्मे हैं। अमेरिका को उसकी सांस्कृतिक विविधता और विदेशियों की प्रतिभा ने दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाया है। यहां इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि साइंस, टेक्नालॉजी और अन्य क्षेत्रों में अमेरिका की तरक्की में विदेशियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नेशनल साइंस फाउंडेशन के अनुसार 2023 में अमेरिका में साइंस, टेक्नालॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमैटिक्स (एसटीइएम) से जुड़े क्षेत्रों में तीन करोड़ 60 लाख कर्मचारी विदेशों में जन्मे थे। वहां इस श्रेणी के भारतीय कर्मचारियों की संख्या सात लाख 27 हजार है। अमेरिका अपने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में तो विदेशी छात्र चाहता है पर मौजूदा ट्रम्प सरकार उन्हें रोजगार के अवसरों से दूर रखना चाहती है। उनके लिए आए दिन फीस बढ़ाने जैसी मुश्किल खड़ी करती है। इससे अमेरिका को लंबी अवधि में नुकसान होगा। विदेशी छात्रों और कर्मचारियों के खिलाफ ट्रम्प सरकार के सख्त रुख का असर दिखाई पड़ने लगा है। अमेरिकी आईटी कंपनियां दूसरे देशों में अपना काम भेजने लगी हैं। इन कंपनियों का काफी काम भारत आ चुका है। वे भारत और यूरोप में डेटा सेंटर और रिसर्च सुविधाएं खड़ी कर रही हैं। आउटसोर्सिंग में भारतीय कंपनियों का दबदबा इसका सबूत है। अमेरिका में प्रतिभाओं की कमी से भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी डेटा सेंटर (जीसीसी) का विस्तार हो रहा है। अब ये सेंटर एआई और अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। नेस्कॉम का अनुमान है, भारत में दो हजार से अधिक डेटा सेंटरों में 24 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। इनकी आय नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक है। ये आंकड़े लुभावने हैं। लेकिन इनके पीछे भारत की कुछ कमजोरियों को छिपाया नहीं जा सकता है।

खुशबू आ नहीं सकती कभी कागज के फूलों से

अरविन्द मोहन

दस अक्टूबर को कॉकरोच जनता पार्टी की रैली थी और केंद्र सरकार ने उसे रोकने के लिए उसके खिलाफ पचास हजार पुलिस तैनात करने, पचास से ज्यादा मेट्रो स्टेशन बंद करने, अनेक गाड़ियों को बंद करने और नेट पर भी सीमित रोक का प्रयास किया तो सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी थी कि आप मक्खी मारने के लिए हथौड़ा चला रहे है। इस रैली के बीतने और उससे दो दिन पहले से विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन की ज्ञानेश कुमार विरोधी मुहिम के जोर पकड़ने के बाद अब सरकार और भाजपा की तरफ से जो काम किया जा रहा है उसे हथौड़ा उठाने की मक्खी की कोशिश मान सकते हैं। तेरह करोड़ से ज्यादा मतदाताओं का नाम काटने के बाद चुनाव आयोग के अंदर के मतभेद, ज्ञानेश कुमार को मिली देश की सबसे बड़ी इम्युनिटी और नियुक्ति की प्रक्रिया में बदलाव का फैसला जहां सरकार को ज्यादा सवालों से घेर रहा है वहीं वह कभी देश में अराजकता फैलाने तो कभी विदेशी षड्यंत्र, कभी एक कांग्रेसी सांसद पर लगे सेक्सुअल हैरासमेंट के विवादास्पद आरोप तो कभी किसी आंदोलनकारी के मुंह से निकले श्रीजीम चेंजश जैसे पद को लेकर विपक्ष की घेराबंदी करना चाहती है और कोई बात जोर नहीं पा रही है। भाजपा और उसके रणनीतिकारों ने हवा का रुख तो भांपा है, वे कुछ डरे भी लगते हैं और वे अपनी क्षमता भर प्रयास भी करने लगे हैं लेकिन उन्होंने न तो ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग द्वारा की गई गलतियों को सुधारने (मतदाता सूची में सुधार का दिखावा करने वाले कुछ हल्के फैसले हुए हैं) की कोशिश की है और न ही अपने खिलाफ लगातार ताकतवर दिखते राजनैतिक जमावड़े में दरार लाने या उसको कमजोर करने की किसी रणनीति पर काम किया है। ले–देकर रोज जो नई चाल दिखती है और शाम को टीवी चौनलों की चर्चा और खबरों में दिखती है। इससे मतदाता सूची में हुआ इतना भारी बदलाव और नागरिकता, मतदान के अधिकार ही नहीं नौकरी और सरकारी सुविधाओं से वंचित किये जाने जैसे अभियान से पैदा नाराजगी को थामना मुश्किल लग रहा है। यह बात पहले ज्ञात थी कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव हुआ है लेकिन उनको इतने विशेषाधिकार दे दिए गए हैं कि सुप्रीम कोर्ट के जज और राष्ट्रपति तक के अधिकार पीछे रह गए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के बाद से मजबूत होती ज्ञानेश कुमार विरोधी हवा में यह भी सामने आ रहा है कि जिनका नाम कटा है उनको नौकरी पाने और राशन वगैरह जैसी सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा है। और गलती सुधार के नाम पर जो प्रयास हुआ है उसमें तरीका अभी भी मुश्किल है। अब यह जानकारी भी सामने आई है कि बंगाल की सूची में रिवीजन के समय इंट्री करने या कारेक्शन के लिए बीएलओ जैसे लोग तकनीकी रूप से सक्षम ही नहीं थे। इसके साथ ही यह भी हुआ है कि लगभग बिखर चुका इंडिया गठबंधन फिर से जीवंत बन गया है और ममता बनर्जी उस मोर्चे पर दिखने लगी हैं। यह भी खबर है कि जगनमोहन रेड्डी अपने दल के साथ वहां वापसी चाहते हैं जबकि उन्होंने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के सवाल पर भाजपा का साथ देने की गलती सार्वजनिक रूप से स्वीकार ली है। उधर बीजू जनता दल भी इस सवाल पर इंडिया गठबंधन के साथ आने में नहीं हिचका जबकि द्रमुक लाख कोशिश के बावजूद एनडीए के साथ नहीं गया है। दूसरी ओर चिराग पासवान ने नौजवानों के आंदोलन के साथ हुए व्यवहार पर नाराजगी दिखाई है और एनडीए के कई घटक दम साधे तमाशा देख रहे हैं। कई राज्यों के स्थानीय निकाय चुनाव में भी हवा बदलने के संकेत दिखने लगे हैं जबकि भाजपा के कई लोग सपा और उन दलों का रुख करते दिखा रहे हैं जिनके अगले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद दिखती है। ऐसा खास तौर से उत्तर प्रदेश में दिखता है जहां सरकार में शामिल ओम प्रकाश राजभर का व्यवहार बदला है। आंदोलन पर विदेशी षड्यंत्र और अराजकता का आरोप लगाने का अभी तक कोई ठोस आधार या प्रमाण पेश नहीं किया गया है। और आज के ग्लोबल जहां में किसकी दिलचस्पी कहां नहीं है, खासकर भारतीय मूल के लोगों की दिलचस्पी को आप दखल बताएं या षड्यंत्र करार दें तो इससे इतना भारी आरोप नहीं कटता। भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों का समर्थन हाल तक मोदीजी के प्रति ही दिखता था। सो कायदे से यह मंथन होना चाहिए कि यह पढ़ा–लिखा और जानकार समूह क्यों दूर हुआ है। जेन जी की नाराजगी कम होने के प्रमाण नहीं हैं और उन्हें पटाने का मोदीजी का संघ प्रमुख का शुरुआती प्रयास इस बार जाने कहां गया पता नहीं है। इस पूरे दौर में भाजपाई नेता और मीडिया से यह शब्द गायब ही रहा है। विपक्ष पर तो आप षड्यंत्रकारी और अराजक होने का आरोप लगा सकते हैं।

लेकिन युवाओं की तरफ से तो अभी प्रधान और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के अलावा कोई मांग नहीं आई है और दोनों के पीछे ठोस वजह है। जो युवा कल तक कांग्रेसी प्लेटफार्म से अलग थे और खुलकर राहुल के साथ दिखते हैं, और उस तरफ से उनको गले लगाया जा रहा है। अकीमोल विमल पर आरोप और एक्शन भी विवादास्पद है लेकिन उसमें भी इतना दम नहीं है कि इतने बड़े मुद्दे को काट डाले। अब सरकार और भाजपा क्या करे या कांग्रेस क्या करे इस सवाल पर विचार तो उन दलों के लोगों को करना है लेकिन साफ दिख रहा है कि जहां कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में नई जान आई है और वह तथा उनका आंदोलन वाला मुद्दा एनडीए खेमे के करीब पहुंचे अनेक दलों के मन में संशय उत्पन्न करने में कामयाब हुआ है वहीं भाजपा विपक्ष के बिखराव को बढ़ाने और वहां के राहुल और कांग्रेस–विरोधी जमात को अपने पक्ष में करने में विफल हुआ है। ममता तो अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनकर बोल रही हैं लेकिन अरविन्द केजरीवाल और आप ज्यादा राहुल विरोध नहीं चला पा रहे हैं। उनके लोगों ने नए जिस कॉकरोच जनता पार्टी का सबसे मजबूती से साथ दिया उसके नेता राहुल के पास जाकर प्रसन्न हो रहे हैं।

नहर में अवैध पाइप लगाने और 30 हजार रुपये मांगने का आरोप, सिंचाई विभाग ने दी सफाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मेजा ब्लॉक के ढेरहन गांव निवासी किसान राजेश्वरी प्रसाद ने सिंचाई विभाग के पूर्व जिलेदार महेश कुमार और सींच पर्यवेक्षक प्रेम नारायण शुक्ल पर मिलीभगत कर नहर में अवैध पाइप लगवाने तथा सिंचाई के नाम पर किसानों से धन वसूली करने का आरोप लगाया है। किसान ने 17 अक्टूबर को कोरांव तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, संबंधित सींच पर्यवेक्षक ने किसान के आरोपों को खारिज करते हुए पाइप को अवैध बताया और उसे नहीं हटाने पर विभागीय कार्रवाई के तहत मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है।

शिकायतकर्ता राजेश्वरी प्रसाद के मुताबिक, उनके गांव में सिंचाई विभाग के पूर्व जिलेदार महेश कुमार और सींच पर्यवेक्षक प्रेम नारायण शुक्ल की कथित मिलीभगत से नहर में अवैध रूप से पाइप लगाया गया है। आरोप है कि सिंचाई की व्यवस्था के नाम पर किसानों से मोटी रकम वसूली जा रही है। किसान का कहना है कि वह इस मामले में पहले भी तीन बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला।

तीस हजार रुपये मांगने का आरोप

किसान ने आरोप लगाया कि सींच पर्यवेक्षक प्रेम नारायण शुक्ल और पूर्व जिलेदार महेश कुमार ने उनसे 30 हजार रुपये की मांग की थी। रुपये नहीं देने पर सिंचाई विभाग की ओर से उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश होकर जमानत करानी पड़ी। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह 13 अक्टूबर 2026 को संबंधित न्यायालय में उपस्थित हुए थे। किसान ने पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

सींच पर्यवेक्षक ने आरोपों को नकारा

मामले में सींच पर्यवेक्षक प्रेम नारायण शुक्ल ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि किसान ने नहर में जो पाइप लगाया था, वह अवैध था। उन्होंने कहा कि किसान को कई बार पाइप हटाने के लिए सूचित किया गया, लेकिन पाइप नहीं हटाया गया। इसके बाद जिलेदार की ओर से कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया।

तीस हजार रुपये मांगने के आरोप पर सींच पर्यवेक्षक ने कहा कि उन्होंने किसान से पैसे की कोई बात नहीं की है। यदि राजेश्वरी प्रसाद के पास रुपये मांगने या लेनदेन से संबंधित कोई साक्ष्य है तो वह उसे प्रस्तुत कर कार्रवाई करा सकते हैं।

जिलेदार का पक्ष नहीं मिल सका

इस संबंध में पूर्व जिलेदार महेश कुमार का पक्ष जानने के लिए उनका मोबाइल नंबर उपलब्ध नहीं हो सका, जिसके कारण उनसे संपर्क नहीं किया जा सका। फिलहाल, किसान की ओर से लगाए गए आरोपों और सींच पर्यवेक्षक के जवाब के बीच मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



इलाहाबाद टैक्स बार एसोसिएशन का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शनिवार को इलाहाबाद टैक्स बार एसोसिएशन, प्रयागराज का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुआ। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



रजनीकांत श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष मोहम्मद जैद की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव के अनुरोध पर कार्यक्रम की अध्यक्षता बार के संस्थापक सदस्य एन.सी. गुप्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन बार एसोसिएशन के मंत्री विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर बार के संस्थापक सदस्य के.के. गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, आर.के. अग्रवाल, आगम प्रकाश सत्संगी एवं पुष्पराज शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए तथा बार एसोसिएशन की गौरवशाली परंपराओं, उपलब्धियों एवं संगठन की एकता पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में एन.सी. गुप्ता ने बार एसोसिएशन के स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इलाहाबाद टैक्स बार एसोसिएशन की वास्तविक स्थापना 15 दिसम्बर 2003 को हुई थी, जबकि इसका विधिवत पंजीकरण 24 अक्टूबर 2004 को हुआ था। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को बार के गठन, उसके इतिहास एवं संगठन की विकास यात्रा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

एएस हनुमानगंज और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल जीते

सैयद असद कासिम अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। एएस हनुमानगंज क्लब ने एमआईसी बी को आठ विकेट और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने सावित्री देवी क्लब को तीन विकेट से हराकर सैयद असद कासिम अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक हासिल किए।



मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में एमआईसी बी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.5 ओवर में 62 रन पर (अब्दुल रहमान ने 19, अफ्फान 14, शिवांश जायसवाल 4/13, प्रशांत 3/25, शिवेंद्र सिंह 2/14) बनाये। जवाब में एएस हनुमानगंज क्लब ने 5.4 ओवर में दो विकेट पर 63 रन (अंशु विश्वकर्मा 38, कार्तिकेय राय 13 नाबाद, अंश कुमार 2/28) बनाकर मैच जीत लिया। शिवांश जायसवाल को हॉकी खिलाड़ी नदीम खान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मुकाबले में सावित्री देवी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन (अमन पाल 52, शुभम सोनकर 40 नाबाद, अनिकेत गर्ग 1/17, रुद्र प्रताप 1/19, शुभम पाल 1/21) बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम ने 15.4 ओवर में सात विकेट पर 123 रन (अभिषेक अग्रहरि 29, शौर्य प्रताप सिंह 26, आर्यन यादव 22, आर्यन सिंह यादव 10, अनुराग शुक्ला 2/09, विराज पटेल 2/28, अनिकेत गर्ग 1/17, कमल सिंह चंदेल 1/27) बनाकर मैच जीत लिया। अभिषेक अग्रहरि को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेटर नीलम आगा ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दोनों मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग की, जबकि खुर्शीद अहमद और शिशिर मेहरोत्रा ने स्कोरिंग की।

श्रृंगवेरपुर महोत्सव की कुशलता को गंगा पूजन

सवा लाख दीपों से जगमगाएगी राम-निषादराज की मिलन भूमि, जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में 6 से 8 नवंबर तक चलेगा आयोजन।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

श्रृंगवेरपुर धाम। प्रभु श्रीराम व निषादराज की मिलन स्थली श्रृंगवेरपुर धाम में तीन दिवसीय श्रृंगवेरपुर महोत्सव की कुशलता को शनिवार को गंगा पूजन किया गया। तीर्थ पुरोहितों एवं संत–महात्माओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष महाआरती किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

महोत्सव अध्यक्ष एवं सिद्धपीठ शनिदेव धाम के ट्रस्टी संजय तिवारी ने बताया कि 6, 7 और 8 नवंबर को आयोजित होने वाला तीन दिवसीय महोत्सव इस बार बेहद खास रहेगा। धनतेरस से दीपावली के महापर्व तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान श्रृंगवेरपुर धाम सवा लाख दीपों



के दिव्य प्रकाश से जगमगा उठेगा। शनिवार को महोत्सव के निर्विघ्न आयोजन की सफलता के लिए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चायल (कौशाम्बी) विधायक पूजा पाल और बाल संत श्रीश बाहुबली महाराज ने दीप जलाकर गंगा पूजन किया और महोत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा। समिति के महामंत्री व संचालक अरुण द्विवेदी ने रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि तीन दिनों तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, संतों के प्रवचन और भव्य आरती होगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्याम उपाध्याय, प्रदीप केशरवानी, शिव उपाध्याय, आनंद मुखिया, शिव विशाल तिवारी, पप्पू पाण्डेय, सुरेन्द्र मिश्र, मंगल त्रिपाठी, कृष्ण कुमार तिवारी, कुलदीप तिवारी, अनिल शर्मा, मोनू मिश्र, भाजपा नेत्री दीपा मौर्या, वरुण द्विवेदी, वैभव मिश्र, मुन्ना सोनी, लवकुश सोनी, शिवदीप त्रिपाठी, अजय सरोज और शीलू पाण्डेय सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पामिस्टा- 2026 में कलात्मक प्रतियोगिताएं सपन्न, प्रतिभावान छात्रों ने जीते सैंकड़ों पुरस्कार

अंतर्राष्ट्रीय कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा एवं डॉ. जाहेदा खानम रहे इन कला प्रतियोगिताओं के निर्णायक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। द पाम एकेडेमी ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता के मेगा इवेंट "पामिस्टा दृ 2026" का आयोजन 24 अक्टूबर 2026 को स्कूल के मुख्य परिसर, करेलाबाग, प्रयागराज में किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैलेंटाइन मैसी प्रिंसिपल, टी. एम.पी.एस.इंटरनेशनल स्कूल, प्रयागराज थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हसन नकवी अध्यक्ष–इलाहाबाद पर्यटन विकास समिति एवं सदस्य–पूर्वांचल पर्यटन बोर्ड, यू.पी.पर्यटन तथा द पाम एकेडेमी के संस्थापक डॉ.वालीउल्लाह सिद्दीकी निदेशक एवं गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करने और विजेताओं का चयन करने के लिए कला निर्णायक (जज) के रूप में विख्यात कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा माननीय सदस्य, राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं डॉ जाहेदा खानम की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों की कला को परखा और प्रतिभा को सराहा। अतिथियों एवं जजों ने विजेता प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। इस मेगा इवेंट में मेजबान स्कूल के साथ–साथ शहर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से बॉयज हाई स्कूल एंड कॉलेज,



महर्षि विद्या मंदिर, ए.एस.कॉन्वेंट स्कूल, वाईएमसीए सेंटेनरी स्कूल एंड कॉलेज, मदर मैरी कॉन्वेंट स्कूल, फ्यूजेन इंटरनेशनल स्कूल और हामिदिया गर्ल्स इंटर कॉलेज शामिल रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा, नवाचार और टीमवर्क को प्रदर्शित करने का एक शानदार मंच साबित हुआ। अंत में पामिस्टा–2026 का औपचारिक समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

कार्यक्रम के सबसे स्मरणीय क्षण वे रहे जब मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, जज एवं संस्थापक ने अपने प्रेरणादायक वचनों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। द पाम एकेडेमी के निदेशक आलमुल्लाह सिद्दीकी, सालेहा मदनी, प्रधानाचार्या फौजिया साहिल एवं उप–प्रधानाचार्य मोहम्मद सगीर ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने के लिए सभी आदरणीय अतिथियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

वोट जनता की सबसे बड़ी ताकत, रक्षा होगी : अशफाक

समस्याओं के समाधान तक जारी रहेगा संघर्ष : मंजू मौर्या

सोरांव भावापुर में कांग्रेस की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' पदयात्रा संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज (शिवगढ़)। कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में शिवगढ़ में 'वोट बचाओ, देश बचाओकृज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारे के साथ पदयात्रा कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में



पारदर्शिता की मांग को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि वोट जनता की सबसे बड़ी ताकत है और उसकी रक्षा करना लोकतंत्र को बचाने के समान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मताधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।कार्यक्रम का संचालन महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खुशनवेदा फारुकी ने किया। अध्यक्षता फाफामऊ विधानसभा प्रभारी मंजू मौर्या ने करते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के दमनात्मक रवैये के सामने कोई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कभी घुटने नही टेकेगा बल्कि आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता कुमार गौरव मौर्या, समशुल कमर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासी, देवराज उपाध्याय, सलीम, जगदीश पटेल, मो.शमीम, मो.फारुक, सददाम हुसैन सिददीकी, वरिष्ठ मौर्या, मो.शहाब, अनीता पटेल, महेश पटेल, डा.अमर सिंह पटेल, अफजाल अहमद, रमेश मौर्या, कमलेश कुमार, आदित्य पाण्डेय, धर्मेंद्र मौर्या, शीतला पाठक, मंजू देवी, सुनीता देवी आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने केन्द्र सरकार के रवैये की निंदा किया है।

एसडीएम फूलपुर ने दो बीएलओ के मानदेय, एक पदाभिहीत के भुगतान पर रोक लगाया

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। फूलपुर एसडीएम हीरालाल सैनी ने आज विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद प्रयागराज की तहसील फूलपुर में विभिन्न मतदान केंद्रों पर कैंप का आयोजन किया।



एसडीएम फूलपुर ने नौ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपराह्न 03रू40 बजे प्राथमिक विद्यालय कसेरुआ कला स्थित बूथ संख्या 200 एवं 201 पर बीएलओ श्रीमती रेखा देवी एवं श्रीमती रीता देवी (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) तथा पदाभिहित अधिकारी अनिल कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक, अनुपस्थित पाए गए। मतदान केंद्र के मुख्य द्वार पर ताला बंद पाया गया। इस पर संबंधित कार्मिकों के वेतन एवं मानदेय पर रोक लगाए जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अन्य निरीक्षण किए गए मतदान केंद्रों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित कार्य संतोषजनक पाए गए। अभियान की प्रभावी निगरानी एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु सभी 07 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (।म्त्) को लगातार क्षेत्र भ्रमणशील रहकर मतदान केंद्रों पर कैंप की स्थिति एवं कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शिवसेना (शिंदे गुट) ने सौंपी जिम्मेदारी, रुचि तिवारी ने दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज शिवसेना (शिंदे गुट), उत्तर प्रदेश ने एडवोकेट अभिषेक तिवारी (आशु) को प्रयागराज महानगर अध्यक्ष तथा रिशु सोनकर को युवा सेना महानगर अध्यक्ष आज मनोनीत किया है। शिवसेना की राज्य सचिव श्रीमती रुचि तिवारी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं है।

सेंट जोसेफ कॉलेज में धूमधाम से मना हिंदी दिवस समारोह 'रजनीगंधा'

महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर हुई चर्चा, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज



प्रयागराज, 24 अक्टूबर। शनिवार को कॉलेज के होगेन हॉल में वार्षिक हिंदी दिवस समारोह 'रजनीगंधा' धूमधाम से आयोजित किया गया। इस वर्ष का कार्यक्रम छायावाद की प्रमुख कवयित्री महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएमपी कॉलेज के हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर सरोज सिंह रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर सरोज सिंह, कॉलेज के प्राचार्य फादर वाल्टर डी. सिल्वा, कॉलेज संयोजक ज्योति दुबे, हिंदी समिति के सभापति डॉ. मनोज कुमार सिंह, हिंदी अध्यापक डॉ. राघवेंद्र द्विवेदी और हिंदी समिति के अध्यक्ष रूद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद कॉलेज क्वायर ने सौभाग्य नायक के निर्देशन में महाकवि निराला की रचना 'वर दे, वीणावादिनी वर दे' प्रस्तुत कर मां सरस्वती का वंदन किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कॉलेज क्वायर ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया।

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है लोक पर्व ढेढिया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में शनिवार को अवध क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक पर्व ढेढिया को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने मिट्टी के ढेढिया में दीप जलाकर पारंपरिक रीति-रिवाजों का प्रदर्शन किया। साथ ही लोकगीतों के माध्यम से भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों को इस पर्व की मान्यताओं और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी।



विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा ने बताया कि ढेढिया अवध क्षेत्र का प्रसिद्ध लोक पर्व है, जिसे शरद पूर्णिमा से दीपावली के बीच मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और भाई की सुख-समृद्धि व दीर्घायु की कामना का प्रतीक है। इस अवसर पर छात्राओं ने मिट्टी के छोटे घड़े में दीप जलाकर पारंपरिक विधि से अपने भाइयों की नजर उतारने की रस्म निभाई और उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। छात्राओं ने ढेढिया-ढेढिया रानी, झनका-झनका पानीश जैसे पारंपरिक लोकगीत गाकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। बच्चों को पर्व से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं से भी परिचित कराया गया। मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर माताओं और बहनों ने उनकी नजर उतारने के लिए छेद वाली मिट्टी की मटकी में दीप जलाकर परंपरा निभाई थी। तभी से यह पर्व मनाए जाने की मान्यता प्रचलित है। कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका शैलजा और रीता दयाल सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

हाईवे का कट खुलने से व्यापारियों में खुशी, 26 अक्टूबर से शुरू होगा रामलीला का मुकुट पूजन

30 और 31 अक्टूबर को निर्धारित तिथि पर ही लगेगा अजुहा का ऐतिहासिक दशहरा मेला

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । नगर पंचायत अजुहा में रामलीला और दशहरा मेले को लेकर चल रहा असमंजस अब समाप्त होता नजर आ रहा है। हाईवे का कट खुलने से स्थानीय व्यापारियों में खुशी का माहौल है। वहीं रामलीला आयोजन समिति ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले रामलीला का शुभारंभ 23 अक्टूबर से प्रस्तावित था, लेकिन अब 26 अक्टूबर, सोमवार से मुकुट पूजन के साथ कार्यक्रम का आगाज होगा। नगर पंचायत अजुहा का ऐतिहासिक दशहरा मेला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 और 31 अक्टूबर को ही आयोजित किया जाएगा। हाईवे का कट खुलने से व्यापारियों को राहत मिली है। लंबे समय से कट बंद होने के कारण बाजार के कारोबार पर असर पड़ रहा था। अब कट खुलने से व्यापारियों को उम्मीद है कि बाजार में फिर से रौनक लौटेगी और दशहरा मेले में भी पहले की तरह लोगों की भीड़ उमड़ेगी। मेला अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने शनिवार को बैठक कर बताया कि अजुहा में हर वर्ष जिस तरह दशहरा मेले का आयोजन होता रहा है, उसी परंपरा के अनुसार इस बार भी मेला लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कमेटी के लोगों को जिस प्रकार पहले सहयोग करते थे, उसी तरह इस बार भी आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग करेंगे। रामलीला और दशहरा मेला क्षेत्र की ऐतिहासिक परंपरा और धार्मिक आस्था से जुड़ा है। इसे भव्य रूप देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

शिकायत को संज्ञान में लेकर एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने की पैमाईश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज का मजरा गरीब का पुरवा में चक मार्ग की शिकायत को संज्ञान में एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने पैमाईश कर चक मार्ग को चिन्हित किया।



सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज का मजरा गरीब का पुरवा गांव निवासी लाल चंद्र सरोज ने एसडीएम सिराथू प्रमेश श्रीवास्तव से चक मार्ग को चिन्हित करने की शिकायत की थी, लालचंद्र की शिकायत को संज्ञान में लेकर एसडीएम सिराथू प्रमेश श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को प्रभारी राजस्व निरीक्षक धर्मराज जख्मी व लेखपाल ने चकमार्ग की पैमाईश के बाद भूमि को चिन्हित किया।

डीएम-एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी बूथों पर बूथ डे आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने प्राथमिक विद्यालय अस्ती, कंपोजिट विद्यालय आकूपुर अजगवां और प्राथमिक विद्यालय मलवां प्रथम का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से फॉर्म-6 और फॉर्म-8 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और विवरण में संशोधन से संबंधित आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। जिले के सभी बूथों पर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मतदाता सूची संबंधी कार्य किए गए। डीएम ने नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित फॉर्म के माध्यम से आवेदन करने की अपील की।

एआइ के शैक्षणिक उपयोग और साइबर सुरक्षा के गुर सीख रहे शिक्षक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के शैक्षणिक उपयोग और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच का समापन शनिवार को हो गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को शिक्षा के क्षेत्र में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी उपयोग, डिजिटल साक्षरता, साइबर नैतिकता और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही बदलते शैक्षणिक परिवेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में इसकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाताओं देवेश कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, शबनम सिद्दीकी, अनामिका सिंह, देवेंद्र सिंह, हरिओम सिंह और दीपनारायण मिश्र ने अलग-अलग सत्रों में प्रतिभागियों के साथ विषयगत जानकारी साझा की। इसमें शिक्षा में आईसीटी का परिचय, डिजिटल संसाधनों का उपयोग, डिजिटल साक्षरता, साइबर नैतिकता और फेक न्यूज की पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। प्रतिभागियों को बताया गया कि डिजिटल माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं पर आंख मूंदकर विश्वास करने के बजाय उनकी सत्यता की जांच करना आवश्यक है। इंटरनेट पर भ्रामक सूचनाओं की पहचान और डिजिटल प्लेटफार्मों का जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण जरूरत है।

प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शैक्षणिक उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इसके माध्यम से शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सरल, रोचक और प्रभावी बनाने की संभावनाओं से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया। इसके साथ ही आईसीटी आधारित मूल्यांकन, विद्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को तकनीकी संसाधनों के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने और विद्यार्थियों की जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के महत्व से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों और अन्य प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकी साधनों के प्रति दक्ष बनाना तथा शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। इसके साथ ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

बिंदकी में सेल्समैन की हत्या और लूट का 12 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

उधार के 50 हजार रुपये मांगने पर वारदात को दिया अंजाम, 1.41 लाख रुपये बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। बिंदकी थाना क्षेत्र के दुर्गई गांव में देशी शराब की दुकान के सेल्समैन की हत्या और नकदी लूट के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने 19 वर्षीय आरोपी कृष्णा तिवारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए 1.41 लाख रुपये, वारदात में इस्तेमाल खून से सना लकड़ी का बोटा और घटना के समय पहनी गई खून के छींटों वाली सफेद टीशर्ट बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, उधार दिए गए 50 हजार रुपये वापस मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, दुर्गई गांव निवासी सतेंद्र सिंह चौहान (28) देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन था। दुकान बंद करने के बाद वह पास में बने टीनशेड के बरामदे में सोता था। 23 अक्टूबर की रात करीब 1रू30 बजे उसके पिता कुंवर बहादुर सिंह को सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने सतेंद्र के सिर पर भारी वस्तु से हमला कर दिया है। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज, अल्लीपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर दुकान का ताला खुला मिला और बिक्री की नकदी गायब थी। मृतक के पिता की तहरीर पर थाना बिंदकी में मुकदमा संख्या 356ध्2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 309(2) में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। विवेचना और सुरागरसी के दौरान कृष्णा तिवारी का नाम सामने आया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सफेद इलेक्ट्रिक ऑटो से नकदी लेकर जोनिहा से चांदपुर मार्ग होते हुए हमीरपुर की ओर जाने वाला है। इस पर पुलिस ने शहजादीपुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर ऑटो रोक लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान ऑटो की डिग्गी से 1.41 लाख रुपये और सफेद टीशर्ट बरामद हुई।



पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने सतेंद्र से 50 हजार रुपये उधार लिए थे, जिन्हें वह वापस मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसके बाद कृष्णा दोबारा शराब की दुकान के पास पहुंचा और वहां पड़े लकड़ी के बोटे से सतेंद्र के सिर पर दो बार प्रहार कर दिया। इसके बाद उसने तकिए के नीचे रखी चाबी से दुकान का ताला खोला और गल्ले में रखे 1.41 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लकड़ी का बोटा दुकान के पीछे खाली स्थान पर काली पन्नी के नीचे छिपा दिया था। उसे भी बरामद कर लिया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी कृष्णा तिवारी पुत्र गिरीश तिवारी, निवासी दुर्गई, थाना बिंदकी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हनुमान प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सावन कुमार पटेल, आरक्षी नरेंद्र प्रताप बुंदेला, आरक्षी विजय शंकर और महिला आरक्षी शालिनी शामिल रहीं।

परसिद्धपुर की झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, रामायण-महाभारत के दृश्यों ने मोहा मन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

धाता फतेहपुर। विकासखंड धाता क्षेत्र के परसिद्धपुर गांव में आयोजित पारंपरिक प्रतिस्पर्धात्मक झांकियों का समापन हो गया। करीब 64 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में परसिद्धपुर झांकी कमेटी और पूर्व चौकी कमेटी की ओर से रामायण, महाभारत, भारत माता और स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। समसामयिक घटनाओं को भी कलात्मक रूप में दर्शाया गया। झांकियों को देखने के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे पहुंचे। रात करीब नौ बजे शुरू हुआ प्रदर्शन देर रात एक बजे तक चलता रहा। दोनों कमेटियों की ओर से राधा-कृष्ण, राम-सीता, गौरा-पार्वती, कठपुतली नृत्य, मिसाइल और छह दरवाजे वाली चौकी सहित कई झांकियां निकाली गईं। वहीं, दूसरी ओर भगवान कृष्ण, शहीद भगत सिंह को फांसी, हनुमान जी द्वारा राम-लक्ष्मण को कंधे पर लेकर उड़ने और भगवान शंकर के तांडव का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। डीजे की धुन पर युवाओं ने गांव में घूम-घूमकर भांगड़ा नृत्य भी किया। बताते चलें कि परसिद्धपुर में झांकियों की शुरुआत वर्ष 1962 में हंसी-मजाक के रूप में हुई थी, जबकि 1964 से इसे धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों से जोड़कर नई दिशा दी गई। इस परंपरा को आगे बढ़ाने में गांव के कई लोगों का योगदान रहा है। इनमें स्वर्गीय तीरथजीत सिंह, गोविंद विश्वकर्मा, केदारनाथ सिंह, ठाकुर श्रीपाल सिंह, राम प्रताप सिंह सहित अनेक लोगों के नाम उल्लेखनीय हैं। वर्तमान में भी दोनों कमेटियों के सदस्य इस परंपरा को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि झांकियों के निर्माण, सजावट, तकनीकी व्यवस्था और उनमें शामिल होने वाले बच्चों की तैयारी से जुड़े अधिकांश कार्य गांव के लोग स्वयं करते हैं। आयोजन के लिए ग्रामीण आपस में चंदा एकत्र करते हैं और युवा व बुजुर्ग मिलकर जिम्मेदारी निभाते हैं। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए गांव के स्वयंसेवक सक्रिय रहे। वहीं, थाना धाता प्रभारी अभिलाष तिवारी के निर्देशन में किशनपुर चौकी के उपनिरीक्षक अनुभव पटेल सहित पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद रहकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग किया।



27 अक्टूबर को आएंगे भाकियू नेता राकेश टिकैत, मंडी स्थल का किया गया निरीक्षण

किसान महापंचायत की तैयारियां तेज, सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था का लिया जायजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर / फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियनन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के 27 अक्टूबर को असोथर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला के साथ ही भाकियू के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंडी स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसानों की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीओ दुर्गेश कुमार, थाना प्रभारी राजीव मिश्रा और थरियांव थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने पुलिस टीम के साथ मंडी स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, असोथर ब्लॉक अध्यक्ष दीपू मिश्रा, संरक्षक सोनू सिंह गौतम, रविदेव सिंह गौतम, सनी मिश्रा और रजत मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। टिकैत के आगमन को लेकर क्षेत्र के किसानों और कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

चायल में कृषक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी । खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी द्वारा विकास खंड चायल के मधुकी गांव में शनिवार को कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज



कुमार सिंह ने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना टिकाऊ कृषि की आधारशिला है,धरती माता के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने, रासायनिक उर्वरकों के अनावश्यक एवं असंतुलित उपयोग से बचने तथा जैविक खाद, हरी खाद एवं प्राकृतिक खेती की विधियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जैविक पदार्थों के समुचित उपयोग से मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है,और सूक्ष्मजीव की उपलब्धता भी बढती है,जिससे मिट्टी की संरचना में सुधार होता है तथा जल धारण क्षमता और लाभकारी सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ती है। इससे खेती की लागत कम करने और भूमि की दीर्घकालिक उत्पादकता बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों, विशेषकर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से पानी का दक्ष उपयोग किया जा सकता है तथा फसलों की आवश्यकता के अनुसार सिंचाई करके उत्पादन लागत कम करने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने मीडो बागवानी के विषय में जानकारी देते हुए किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया,एवं वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की कि वे खेत की मिट्टी की सेहत को प्राथमिकता देते हुए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का उपयोग करें, जिससे उत्पादन एवं आय में वृद्धि के साथ कृषि को लंबे समय तक संरक्षित रहे।कार्यक्रम मे प्रगतिशील कृषक धीरज यादव ने प्राकृतिक खेती अपनाने के विषय मे अपने अनुभव को साझा किया,एवं उपस्थित कृषको को प्राकृतिक आदान बीजामृत, जीवामृत आदि को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, 18 शिकायतों का निस्तारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। माह के चौथे शनिवार को जिले के थानों में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना मलवां पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।



समाधान दिवस में कुल 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 69 राजस्व विभाग और 23 पुलिस विभाग से संबंधित थे। इनमें राजस्व विभाग की टीम ने 11 तथा पुलिस विभाग ने सात शिकायतों का निस्तारण कराया। इस प्रकार कुल 18 शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि शेष प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई जारी है। डीएम और एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। राजस्व से जुड़े मामलों में संबंधित टीमें मौके पर जाकर जांच करें और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों और थानों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी क्रम में जिले के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों ने भी अपने-अपने थानों में फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय अस्ती का किया औचक निरीक्षण, बच्चों की प्रतिभा देख की सराहना

जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका आशिया फारुकी सहित अन्य शिक्षकों की करी प्रशंसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शनिवार को प्राथमिक विद्यालय अस्ती का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में मौजूद बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई व सामान्य ज्ञान से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय दिया और प्रदेश के सभी जिलों के नाम सुनाए।



बच्चों की जानकारी और प्रस्तुति देखकर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की। जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान बढ़ाना भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने, नियमित अभ्यास करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

एसआईआर अभियान के तहत विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने बूथों पर पहुंचकर नए मतदाताओं के जुड़वाए नाम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शनिवार को मंडल,सतेशगढ़ मड़िहान में पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने एसआईआर अभियान के तहत बूथ संख्या 349,350 गोल्हनपुर एवं बूथ संख्या



356,357 बरगवां के बूथों पर पहुंचकर बीएलओ के साथ बैठक की तथा मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र युवाओं एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र लोगों के फॉर्म–6 भरवाकर उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की पहल की। उन्होंने बीएलओ से कहा कि अभियान चलाकर सभी छूटे हुए पात्र मतदाताओं एवं नए मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। इस अवसर पर बीएलओ सुजीत कुमार, आदर्श कुमार, बरगवां की बीएलओ मनोरमा देवी, कल्पना देवी,ग्राम प्रधान इंस पटेल, यशपाल सिंह, गुलाब सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल की 142वीं जयंती 26 को, तैयारी पूरी

सुनील कुमार गुप्ता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। हिंदी जगत के मूर्धन्य विद्वान साहित्य मनीषी आचार्य रामचंद्र शुक्ल की 142वीं जयंती समारोह इस वर्ष शरद पूर्णिमा 26 अक्टूबर सोमवार को मनाई जाएगी। आचार्य रामचंद्र



शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित मुख्य समारोह दोपहर 2 बजे से रमईपट्टी, देहात कोतवाली रोड स्थित संस्थान के सभागार में होगा। इसकी जानकारी संस्थान के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे बरौंधा कचार स्थित पार्क में आचार्य शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। मुख्य समारोह में आलोचना के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए आचार्य राम चंद्र शुक्ल सम्मान–2026 वाराणसी की नागरी प्रचारिणी सभा के प्रधानमंत्री व्योमेश शुक्ल को प्रदान किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र होंगे। विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रत्नाकर मिश्र और नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के पूर्व एसो. प्रो. हिंदी विभाग डॉ. अनुज प्रताप सिंह करेंगे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार वृजदेव पाण्डेय, भोलानाथ कुशवाहा, विंध्यवासिनी महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, समाजसेवी डॉ. सच्चिदानंद पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार शिव प्रसाद द्विवेदी, प्रतिमा शर्मा, मुहीब मीरजापुरी और डॉ. अनुराधा ओस बतौर आमंत्रित वक्ता विचार रखेंगे। संचालन साहित्यकार आनंद अमित करेंगे।

विधान परिषद सभापति ने दो दिवसीय विचार संगोष्ठी का किया शुभारंभ

शाहिद वारसी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। नैनागढ़ पैलेस में सांविधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान क्षेत्रीय शाखा उत्तर प्रदेश विधान परिषद सचिवालय के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय विचार संगोष्ठी में संस्थान के अध्यक्ष माननीय सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह, संस्थान के अवैतनिक सचिव डॉ राजेश सिंह उपस्थित रहे। (यू0सी0सी0) समान नागरिक संहिता का महत्व एवं उसका



सामाजिक प्रभाव विषय पर विद्वानों के विचार एवं सुझाव आए! सभापति विधान परिषद नें मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, अपने वक्तव्य में उन्होंने समान नागरिक संहिता का महत्व और उसका सामाजिक प्रभाव विस्तार से बताते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता का अर्थ किसी भी धार्मिक आस्था पर प्रहार नहीं बल्कि यह सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला है। इस आवश्यक कानून की आवश्यकता पर बल दिया, गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए तथा एक देश एक कानून पर सदस्य एक मत रहे। डॉ राजेश सिंह ने अपने सम्बोधन में समान नागरिक संहिता के ऐतिहासिक, कानूनी और सामाजिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शाहबानो जैसे कैसे का उदाहरण भी दिया और इस कानून को अति शीघ्र लागू करने की अपील भी की। इस अवसर पर सी0पी0 राय, प्रमोद मिश्रा, प्रो. बृजेश चंद्रा, सुरेन्द्र यादव, डॉ बीना पाण्डेय, शशि, एडवोकेट विश्राम यादव, निराला, डॉ अरुण यादव, डॉ कुसुम मानसी द्विवेदी, मंजू यादव, नूतन सिंह आदि ने मंच से अपने विचार व्यक्त किये।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रबंध समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति एवं विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

बैठक से पूर्व जिलाधिकारी ने विद्यालय में आयोजित कला प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए पठन–पाठन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान तथा उनके सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विद्यालय की चारदीवारी, जलापूर्ति एवं विद्युत व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर भी



विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी. त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, उनकी समस्याओं के समाधान तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता विद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति के सह–अध्यक्ष एवं उपजिलाधिकारी मड़िहान संतोष कुमार ओझा, विद्युत वितरण खंड प्रथम के अभियंता मनोज कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ए.के. रॉय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा, प्राचार्य बेचन सिंह, प्राचार्य उमाकांत मिश्रा, पाल्य प्रतिनिधि कमलेश मिश्रा तथा विद्यालय के उपप्राचार्य संजय सिंह सहित विद्यालय के समस्त सहकर्मी उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना तथा विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।

शोक संतप्त परिवारों से मिलकर आप नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं



सोनभद्र–मिर्जापुर के जिला प्रभारी तथा अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण, नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और 396 नगर विधानसभा क्षेत्र के नेता ने शनिवार को कोन विकासखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर लोगों के दुख–सुख में सहभागिता की। कोन ब्लॉक के ग्राम कमासिन में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रुद्रेश प्रताप सिंह के असामयिक निधन की सूचना पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद कोन विकासखंड के श्रीपट्टी निवासी अधिवक्ता आनंद दुबे उर्फ राजन दुबे के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पर जाकर परिजनों को ढांढस बंधाया। इसी क्रम में मझलीपट्टी निवासी संतोष सिंह की धर्मपत्नी रेखा सिंह के आकस्मिक निधन पर भी उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं प्रयागराज के जिला प्रभारी रमाशंकर साहू तथा कोन विकासखंड के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार यादव मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जाह्नवी कसेरा का हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व मंय निवर्तमान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आभा पटेल की अध्यक्षता में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा जाह्नवी कसेरा का अटल चौक विंध्याचल में भव्य स्वागत किया गया।

तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ने माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। पश्चात् जाह्नवी का काफिला लालडिग्गी स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुकेरी बाजार स्थित डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पार्टी पुरौधों को नमन किया।

उसके बाद पं0 दीनदयाल पुरम कॉलोनी बरौधा कचार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुँची जहाँ उनका महिला मोर्चा की बहनें एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र,बुके के साथ स्वागत किया। अभिनन्दन सभा भाजपा



जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने जाह्नवी कसेरा को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप संगठन के द्वारा दिये गये दायित्व का बखूबी निर्वहन करेंगी और संगठन की मजबूती प्रदान करेंगी।

जिलाध्यक्ष जाह्नवी कसेरा ने कहा कि माँ विन्ध्यवासिनी को प्रणाम करती हूँ और शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद हमारे लिए दायित्व नहीं सम्मान के साथ दृ साथ और अधिक जिम्मेदारी है। मैं हमेशा पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगी तथा संगठन के निर्देशों और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य करती रहूँगा।

अंत में निवर्तमान जिलाध्यक्ष आभा पटेल ने कहा कि बधाई देते हुए कहा कि मैं अपनी छोटी बहन जाह्नवी कसेरा के उज्जवल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं देती हूँ। परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है। मैं हमेशा बड़ी बहन के रूप में अपनी छोटी बहन जाह्नवी कसेरा का सहयोग करती रहूंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा बीना सिंह ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार सिंह, चिन्तामणि मौर्य, सुनीता शर्मा, जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, जिलामंत्री संध्या पटेल, पूनम चौरसिया, महिला मोर्चा उमा जायसवाल, प्रेमलता दूबे, सोनम चतुर्वेदी, वर्षा वर्मा, मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा भावना बरनवाल के साथ सभी मण्डल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता बहनें उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अवश्य कराएं मतदाता पंजीकरण : जिलाधिकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष अभियान के अंतर्गत को जनपद के सभी 705 मतदान केंद्रों के 1404 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। अभियान के दौरान पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने, छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण कराने तथा निर्वाचक नामावली को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जिलाधिकारीध जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भदोही के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाव, मदरसा अरबिया मदीतुल इल्म पीरखानपुर सहित अन्य मतदेय स्थलों पर पहुंचकर विशेष अभियान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदाता सूची एवं संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्यवाही पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे।

मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरे पंजीकरण का करें सत्यापन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन किया जाए। सत्यापन के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

उन्होंने बीएलओ को अपने निर्धारित दायित्वों का गंभीरता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) से भी अपील की कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें।

01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अवश्य कराएं पंजीकरण

जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अपील की कि जिन युवाओं की आयु 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे अपने संबंधित बीएलओ



से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्वपूर्ण योगदान है। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बाद ही पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकोंसेअपील की कि वे मतदाता पंजीकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाएं।

पात्र नागरिक आवश्यक अभिलेखों के साथ करें आवेदन

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदक का भारत का नागरिक होना, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होना तथा निर्धारित अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करना आवश्यक है। आवेदक का नाम किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं होना चाहिए तथा वह कानून के तहत मतदाता बनने के लिए अयोग्य न हो। आवेदन के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयु एवं निवास संबंधी मान्य दस्तावेज तथा निर्धारित प्रारूप में फोटो की आवश्यकता हो सकती है। आवेदन एवं दस्तावेजों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

विशेष अभियान के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)ध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर अभियान की निगरानी करते रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारीध जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से पुनः अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं, अपने परिवार एवं आसपास के पात्र नागरिकों को भी मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करें तथा जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता के रूप में लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

नगर पश्चिमी में मतदाता पंजीकरण अभियान में 430 से 431 तक बूथों पर भरे गए फार्म-6

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में छूटे हुए एवं प्रथम बार युवा



निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के पदाधिकारियों ने अपने–अपने बूथों पर नए मतदाताओं का फार्म–6 के माध्यम से पंजीकरण कराया। यह अभियान नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा के नेतृत्व में सफल रहा। नगर अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा ने बूथ नंबर 430, 428, 429, 431 आईटीआई बूथ पर बूथ अध्यक्षों एवं शक्तिकेंद्र संयोजकों के साथ नए मतदाता बनाने में सहयोग किया। नए मतदाता बनाने वाले अभियान में मुख्य रूप से शक्तिकेंद्र संयोजक मनीष त्रिपाठी, गुलाब प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष रुपेश यादव, मंडल मंत्री पुनीत मिश्रा, शक्तिकेंद्र संयोजक चेतगंज विजय निषाद, बूथ अध्यक्ष सोनी भारतीय, शक्तिकेंद्र संयोजक शिवपुर शिवकुमार शर्मा, कंतित शक्तिकेंद्र संयोजक पंचम यादव, राकेश मौर्य, अंशु गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राहुल मौर्य, सर्वेश दुबे आदि प्रमुख कार्यकर्ता लगे रहे।

युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए बूथों पर लगा कैंप, डीएम ने किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में पंजीकरण से छूटे हुए प्रथम बारध्युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने के लिए आज जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार के मार्ग निर्देशन में जनपद के समस्त मतदेय



स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। सभी बूथों पर पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक समस्त बूथ लेबल अधिकारी अपने सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर विगत दिनों प्रकाशित अन्तिम निर्वाचक नामावलियों एवं उसके पश्चात समस्त पूरक सूचियों तथा पर्याप्त मात्रा में फार्म–6 व अन्य प्रपत्र के साथ उपस्थित रहें। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार तहसील मड़िहान के अन्तर्गत ग्राम कुबरी के प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित कैम्पध्मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में पात्र युवाओंध नागरिकों को शामिल करने त्रुटियों में सुधार तथा पुरीक्षण कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने का सम्बन्धित बूथ लेबल अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के दौरान ऐसे पात्र नागरिकों को चिन्हित किया जाए जिनका नाम कतिपय कारणों से मतदाता सूची में अभी तक शामिल नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार विलोपन तथा विवरणों में संशोधन की कार्यवाही निर्धारित प्रक्रियाओंधनियमों के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची शुद्ध, पारदर्शी हो ताकि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन का उद्देश्य है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

'ईवीएम से चुनाव हो तो दिक्कत, बैलट पेपर से भी परेशानी' ओपी राजभर का अखिलेश यादव पर तीखा हमला

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में एमएलसी चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश सरकार में मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें चुनाव के हर तरीके से परेशानी होती है। राजभर के मुताबिक, ईवीएम से चुनाव होने पर भी सवाल उठाए जाते हैं और बैलट पेपर से मतदान होने पर भी आरोप लगाए जाते हैं। राजभर ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव चुनावी हार की आशंका में संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख को पहले अपनी पार्टी के भीतर उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए। हालांकि, ये राजभर के राजनीतिक आरोप हैं और इन्हें अखिलेश यादव का पक्ष नहीं माना जा सकता। ओपी राजभर ने सपा नेता रामगोपाल यादव के कथित बयान का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और कटवाने की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं करने के लिए सपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने सवाल किया कि जब पार्टी के नेताओं के बयान अलग–अलग हैं, तो सही किसे माना जाए। राजभर का कहना था कि अखिलेश यादव को चुनाव आयोग पर सवाल उठाने से पहले अपनी पार्टी के भीतर की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने एमएलसी चुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल का संकेत



बताते हुए भाजपा की जीत का दावा भी किया। राजभर ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव चुनाव से पहले बड़े–बड़े दावे करते हैं, लेकिन नतीजे आने के बाद राजनीतिक स्थिति अलग नजर आती है। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव के परिणाम से प्रदेश में सपा की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सकेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन की संभावनाओं को लेकर राजभर ने भाजपा की जीत का भरोसा जताया। हालांकि, चुनाव परिणाम आने से पहले किसी भी दल की जीत को निश्चित नहीं माना जा सकता। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह ने भी अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि एमएलसी चुनाव में भाजपा सभी 11 सीटें जीतेगी। उनके मुताबिक, शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव बैलट पेपर से हो रहे हैं, जबकि अखिलेश यादव पहले भी बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। दिनेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि परिणाम आने से पहले ही सपा प्रमुख चुनाव आयोग और अन्य संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगा। एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा और सपा के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई चर्चा शुरू कर दी है। एक ओर भाजपा नेता सभी 11 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं, वहीं चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। अब सबकी नजर चुनाव परिणामों पर रहेगी, जिनसे दोनों दलों के दावों की राजनीतिक तस्वीर कुछ हद तक स्पष्ट होगी।

सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

लखनऊ (संवाददाता)। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार शाम उन्हें उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें गाजीपुर से एंबुलेंस से लाकर लखनऊ मेदांता में गैस्ट्रो विभाग में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल ने शनिवार को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया अफजाल अंसारी को पेट में तेज दर्द के बाद यहां लाया गया। जांच में पता चला कि उनके पैंक्रियास (अग्न्याशय) में सूजन है। उन्हें हल्का पीलिया भी है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। डॉ. अभय वर्मा और डॉ. दिलीप दुबे की टीम उनकी देखभाल में लगी हैं। इससे पहले परिजनों ने बताया कि अफजाल लंबे समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार सुबह गले में खराश, सर्दी की समस्या थी। इस बीच, घी और गुड़ का घरेलू नुस्खा अपना लिया। अचानक उल्टियां होने लगीं। तेज बुखार आ गया। पेट के ऊपरी हिस्से और सीने के नीचे तेज दर्द होने लगा। अफजाल की तबीयत बिगड़ने की जानकारी सबसे पहले मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी ने दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा–बड़े अब्बा की सेहत खराब हो गई है। लखनऊ में इलाज चल रहा है। आप सभी से दुआओं की गुजारिश है।ं गाजीपुर से सपा विधायक और सांसद के भतीजे सुहैब अंसारी उन्हें लेकर लखनऊ पहुंचे। गाजीपुर के मुहम्मदाबाद के रहने वाले अफजाल अंसारी 3 बार के सांसद हैं। 5 बार विधायक रह चुके हैं।

यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा से मांगी 175 से 200 सीटें, गठबंधन में सीट शेयरिंग पर औपचारिक चर्चा शुरू

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कांग्रेस ने 175 से अधिक सीट की प्रारंभिक सूची सौंपी है, जहां उसे लगता है कि वह गठबंधन में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि यह सूची कुछ दिन पहले सपा नेताओं के साथ साझा की गई थी और जल्द ही दोनों दलों के नेता सीट बंटवारे पर विस्तृत चर्चा के लिए बैठेंगे। गौतम ने कहा, मैं आपको सटीक संख्या नहीं बता सकता, लेकिन हमने 175 से 200 सीट की सूची सौंपी है। उन्होंने संकेत दिया कि 403 विधानसभा सीट वाले राज्य में चुनाव से पहले पार्टी बातचीत के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता ने कहा, दोनों दलों के नेतृत्व एक साथ बैठकर सीट बंटवारे की बारीकियों को तय करेंगे। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस की प्रारंभिक सूची पर कहा, मुझे लगता है कि हमारे नेता अखिलेश यादव जी ने स्पष्ट कर दिया है कि जीतने की क्षमता ही एकमात्र मानदंड है। इसलिए कोई भी कुछ भी मांग सकता है, लेकिन राजनीति में सर्वमान्य और सार्थक समाधान तक पहुंचने के लिए दिखावे से आगे बढ़ना होगा।ं हालांकि इस बीच, शुक्रवार को यहां समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा, कांग्रेस, सपा और इंडिया गठबंधन को मजबूत किया जाना चाहिए। हमारा साझा लक्ष्य भाजपा को सत्ता से हटाना है। उन्होंने कहा, भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए हम लोगों को समझाएंगे और हम ऐसा जरूर करेंगे। भाजपा को हराने के लिए यह गठबंधन प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार 1989 के बाद से लगातार घटा है। उस वर्ष पार्टी ने आखिरी बार राज्य में सरकार बनाई थी। कांग्रेस ने 2022 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा था, लेकिन उसे केवल दो सीट पर जीत मिली थी। यह संख्या 2017 में जीती गई सात सीट से भी कम थी। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीज ने पार्टी की उम्मीदें बढ़ाई हैं। उस चुनाव में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में सपा के साथ गठबंधन करके 80 में से छह लोकसभा सीट जीती थीं, जबकि सपा को 37 और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 33 सीट मिली थीं। गौतम ने कहा, ष 2024 का लोकसभा चुनाव इस बात का प्रमाण है कि दोनों दल (कांग्रेस और सपा) मिलकर प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए राजनीति में सार्थक लेन–देन की गुंजाइश होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें उचित सीट बंटवारे की उम्मीद है और दोनों दल मिलकर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

पुलिस ने वारंटी को घर से गिरफ्तार किया

लखनऊ (संवाददाता)। रहीमाबाद पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मलिहाबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की ओर से वांछित, वारंटी और सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, रहीमाबाद थाना क्षेत्र की टीम ने शनिवार को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर घर पर दबिश देकर रामचन्द्र रामनगर, मजरा ससपन रहीमाबाद को गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी की सूचना आरोपी की पत्नी को दी गई। इसके बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की गई।

लाइव जैकेट पहनकर आपदा मित्रों का विरोध प्रदर्शन,प्रति माह 26 हजार रुपए वेतन की मांग

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में शनिवार को उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन किया। इको गार्डन में आपदा न्यूनीकरण और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमा हुए इस दौरान लाइव, हेलमेट समेत पूरी किट पहनकर प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि आपदा मित्र साल 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार और राहत आयुक्त के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। मगर हमारी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। राज किशोर ने कहा कि 2018 से आईडी कार्ड और किट वगैरह मिला। बाढ़, भूकंप के साथ कोरोना काल, कुंभमेला, माघ मेला, सावन मेला और गणतंत्र दिवस परेड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देते हैं। हर जरूरी परिस्थिति में और आपदा के समय हम लोग पुलिस प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इसके अतिरिक्त, अग्नि सचेतक प्रशिक्षण और नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी आपदा मित्रों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया है। इसलिए हमारी मांगों को स्वीकार करना बेहद आवश्यक है। राज किशोर ने कहा कि हमारी कई प्रमुख मांगें है, जिसमें सरकार द्वारा घोषित 5 लाख रुपए की बीमा राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करना शामिल है।

भगवान विष्णु के अंश हैं बाल्मीकि के राम- चिदम्बरानन्द

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार की सूर्या अकादमी में चल रही श्रीमद् बाल्मीकि रामायण कथा व्यास स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती ने राम जन्म प्रसंग का विशद विवेचन करते हुए कहा कि जहां महर्षि बाल्मीकि राम को उन्हें साक्षात भगवान विष्णु का अंश बताते हुए उनके संपूर्ण जीवन को मानवीय सीमाओं और आदर्शों के भीतर मर्यादा पुरुषोत्तम रखा है, वहीं अपनी भक्ति भावना के वशीभूत गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें स्वयं भगवान मानते हुए उनके जन्म की लीला को चमत्कारिक स्वरुप दिया है। स्वामी ने कहा कि बाल्मीकि रामायण में राम जन्म प्रसंग ऐतिहासिक, संयमित और मानवीय मर्यादा पर आधारित है वहीं राम चरित मानस में यह भक्ति–प्रधान और भाव विभोर करने वाला है।

महात्मा फुले फाउंडेशन ने मनाई भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती

लखनऊ (संवाददाता)। जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी हर क्षेत्र में होनी चाहिए समाज में एक समान शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। यह बातें जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने शनिवार को महात्मा फुले फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ऑडिटोरियम ला कालेज में आयोजित भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कलाम जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जिन्हें हम सब शमिसाइल मैन इण्डिया के नाम से जानते है, भारत के महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एवं 11वें राष्ट्रपति थे। उन्हे 1997 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जिन्होने अग्नि और पृथ्वी जैसी स्वदेशी मिसाइलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा प्ट्ट और क्क्ट्ट के साथ मिलकर देश को रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रसस्त किया। उनका जीवन सादगी ज्ञान और युवाओं को प्रेरणा देने का प्रतीक रहा। वे हमेशा कहा करते थे सपने वो नहीं जो हम नींद में देखें, सपने वो है जो हमें सोने न दें। उन्होंने कहा इंतजार करने वाले को सिर्फ उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। इस अवसर पर सांसद जैनपुर बाबू सिंह कुशवाहा संस्थापक जन अधिकारी पार्टी ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा डॉ. कलाम जी का जीवन संघर्ष, सादगी, मेहनत, शिक्षा और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। उन्होंने देश के वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और अपने विचारों से देश के करोड़ों युवाओं को सपने देखने तथा उन सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी का मानना था कि देश का भविष्य उसके बच्चों और युवाओं के हाथों में है। यदि देश को मजबूत और विकसित बनाना है तो प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा, समान अवसर और आगे बढ़ने का अधिकार मिलना चाहिए। हमें डॉ. कलाम जी के विचारों को अपने जीवन में उतारते हुए शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, सामाजिक न्याय और समान अवसर के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। सांसद ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती पर सभी से संकल्प लेने का आग्रह किया कि हम शशिक्षा को मजबूत करने, युवाओं को आगे बढ़ाने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने तथा समाज में समानता, भाईचारा और न्याय स्थापित करने के लिए निरंतर संघर्ष करेंगे। डॉ. कलाम ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया और युवाओं को विज्ञान, नवाचार एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों में शिक्षा, समानता और समावेशी विकास का स्पष्ट संदेश था बाबू सिंह कुशवाहा का मानना है– संविधान को बचाना हम सभी का कर्तब्य है यही हमारे अधिकारों की सुरक्षा का आधार है। सबको समान शिक्षा उपलब्ध कराना ही सच्चा सामाजिक न्याय है। समाज में समता, सम्मान और अधिकार सबके के लिए सुनिश्चित होना चाहिये। गरीब, वंचित और महिलाओं को आगे बढ़ाना ही राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी है। हम सब मिलकर डॉ. कलाम जी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षा के प्रति समर्पण सामाजिक सद्भाव और विकसित भारत के सपने को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। नयी पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा ज्ञान मेहनत मानदारी और मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करें। धर्म को राजनीति से अलग रखना होगा तभी लोकतंत्र जीवित रहेगा। संविधान इंसानियत और मानवता का पाठ पढ़ाता है।

हुनर के साथ वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता का पाठ पढ़ेंगे विद्यार्थी, 'प्रोजेक्ट प्रवीण' का विस्तार

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर अभिनव पहल कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के स्कूली विद्यार्थी अब नियमित पढ़ाई और तकनीकी हुनर सीखने के साथ–साथ पैसों का सही प्रबंधन करने तथा भविष्य में अपना उद्यम स्वरोजगार शुरू करने की बुनियादी समझ विकसित करेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी श्प्रोजेक्ट प्रवीणश योजना के तहत छात्र–छात्राओं को वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण देने के लिए दो नए विशेष मॉड्यूल शामिल किए गए हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और केंद्रीय उद्यमिता मंत्रालय के अधीन कार्यरत नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एनएसई द्वारा वित्तीय कौशल तथा निस्बड द्वारा उद्यमिता विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। दोनों मॉड्यूल दो–दो घंटे के हैं और इन्हें 24 अक्टूबर से प्रदेश भर में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इसका ध्येय विद्यार्थियों में कम उम्र से ही आर्थिक जागरूकता पैदा करना और उनके तकनीकी कौशल को स्वरोजगार से जोड़ना है।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने श्प्रोजेक्ट प्रवीणश के अंतर्गत प्रदेश के 515 विद्यालयों के लगभग दो लाख छात्र–छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का वृहद लक्ष्य निर्धारित किया है। निस्बड का दो घंटे का उद्यमिता विकास मॉड्यूल के माध्यम से छात्र–छात्राओं में नए कारोबारी विचारों को पहचानने और उन्हें बाजार के अवसरों में बदलने की उद्यमी सोच विकसित करेगा।

संक्षिप्त

रंगों और रील्स के जरिए दुनिया देखेगी नई अयोध्या की भव्य तस्वीर-जयवीर

लखनऊ (संवाददाता)। योगी सरकार दीपोत्सव2026 में अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक वैभव और बदलते स्वरूप को रंगों व रचनात्मकता के जरिए दुनिया के सामने लाने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से देशभर के कला प्रेमी और रचनात्मक प्रतिभाएं रामनगरी की परंपराओं, प्रमुख स्थलों, विकास कार्यों और दीपोत्सव की भव्यता को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर सकेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई है। विजेताओं को दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या भारत की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत के प्रतीक रूप में स्थापित हुआ है। दीपोत्सव–2026 के अंतर्गत चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिता युवाओं व रचनात्मक प्रतिभाओं को अयोध्या के बदलते स्वरूप, विकास की गाथा और सनातन संस्कृति की भव्यता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि आधुनिक तकनीक और रचनात्मकता के माध्यम से रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा जन–जन तक पहुंचे तथा वैश्विक पटल पर इसकी पहचान और अधिक सुदृढ़ हो।चित्रकला प्रतियोगिता की थीम श्कला के माध्यम से अयोध्या का उत्सवश रखी गई है। इसमें प्रतिभागियों को जलरंग माध्यम से मौलिक पेंटिंग तैयार करनी होगी। कलाकृति में अयोध्या की विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों, विकास की नई तस्वीर या दीपोत्सव की भव्यता को दर्शाया जा सकता है। चित्र स्वयं तैयार किया गया हो और सार्वजनिक प्रदर्शन के अनुकूल होना चाहिए।पहले से प्रकाशित, नकल अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार कलाकृतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। रील मेकिंग प्रतियोगिता की थीम श्नए रूप में अयोध्याश है। इसमें प्रतिभागियों को 30 से 60 सेकंड की मौलिक रील बनानी होगी। वीडियो में अयोध्या के विकास, उसकी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और दीपोत्सव–2026 के भव्य आयोजनों की झलक होनी चाहिए। रील आकर्षक, स्पष्ट और सार्वजनिक प्रदर्शन के योग्य होना अनिवार्य होगा।प्रतिभागियों को वीडियो में इस्तेमाल होने वाले संगीत, दृश्यों सहित अन्य रचनात्मक सामग्री के लिए कॉपीराइट मुक्त संसाधनों का उपयोग करना होगा। दूसरे की सामग्री की नकल, बिना अनुमति कॉपीराइट सामग्री का इस्तेमाल और भ्रामक, आपत्तिजनक या विषय से हटकर प्रस्तुतियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। एआई से तैयार सामग्री का अत्यधिक इस्तेमाल करने वाली प्रविष्टियां भी मान्य नहीं होंगी।

'मिशन रोजगार' को रफ्तार : आईटीआई अलीगंज में 31 अक्टूबर को कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मिशन रोजगार अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से एक वृहद कैंपस प्लेसमेंट व रोजगार भर्ती अभियान का आयोजन किया जा रहा है।इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज तथा आईटी एवं डाटा सेवा प्रदाता कंपनी कॉर्पस डेटा इंफॉर्मेशन सर्विसेज द्वारा विभिन्न पदों पर सैकड़ों युवाओं का चयन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं स्नातक योग्यताधारी महिला व पुरुष अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।कंपनीवार भर्ती एवं पदों के विस्तृत विवरण के अंतर्गत, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, नोएडा में ऑपरेटर के कुल 100 पद हैं, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई या स्नातक उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं, जिन्हें सेक्टर–151, नोएडा कार्यस्थल के लिए 24,257 से 26,484 तक मासिक वेतन दिया जाएगा। टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ प्लांट द्वारा दो अलग–अलग संवर्गों में तकनीकी युवाओं का चयन किया जाएगा, जिसमें प्रथम अप्रेंटिस ट्रेनी के तहत 10वीं एवं आईटीआई या एनटीसी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ 18 से 25 वर्ष की आयु वाले युवाओं को 1 वर्ष के प्रशिक्षण हेतु 13,870 मासिक स्टाइपेंड मिलेगा, जबकि द्वितीय अस्थायी कर्मचारी के रूप में 10वीं उत्तीर्ण तथा आईटीआई या एनटीसी के साथ 1 वर्ष का कार्यानुभव रखने वाले 18 से 32 वर्ष के युवाओं को अधिकतम 6 माह की कार्य अवधि के लिए 15,488 मासिक वेतन दिया जाएगा, साथ ही दोनों संवर्गों के चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क कैंटीन, बस या परिवहन सुविधा, यूनिफॉर्म तथा सुरक्षा जूते प्रदान किए जाएंगे और इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, पेंटर, एमएमवी, डीजल मैकेनिक, कोपा या पासा, सीएनसी मशीनिंग, आरएसी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, और मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल आदि ट्रेड्स पात्र हैं।

पेरिस में यूपी के खाद्य उत्पादों की धूम,15 देशों के खरीदारों से संपर्क,खुले निवेश के रास्ते

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी सियाल पेरिस 2026 में प्रदेश के उद्यमियों को विदेशी खरीदारों से जुड़ने और निवेश के नए अवसर तलाशने का मंच मिला है। बरेली की ग्रोवर फूड्स के आलू प्रसंस्कृत उत्पादों की यूरोपीय खरीदारों ने सराहना की है। कंपनी के अनुसार 15 नए देशों के संभावित खरीदारों से संपर्क स्थापित हुआ है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर प्रदेश में निर्मित खाद्य उत्पादों का अवलोकन किया तथा विभिन्न उत्पादों का स्वाद भी चखा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता, विविधता और संभावनाओं में रुचि दिखाई। भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

पीईटी परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बलरामपुर से लखीमपुर के लिए चलेंगी 10 विशेष बसें

कमाल खान(ब्यूरो प्रमुख),प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा -2026 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बलरामपुर डिपो द्वारा विशेष पहल की गई है। परीक्षार्थियों के सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बलरामपुर से लखीमपुर के लिए ङ्ङ10 विशेष बसों का आवंटन किया गया है।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (ईंऊं)-2026 के अंतर्गत जनपद बलरामपुर के पुरुष अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र जनपद लखीमपुर में निर्धारित किए गए है। परीक्षा का आयोजन 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर एवं 01 नवंबर 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित होगी।

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के लखीमपुर आवागमन की संभावना को देखते हुए परिवहन निगम द्वारा विशेष तैयारियां की गई है। इसी क्रम में ङ्ङ25 अक्टूबर 2026 को आयोजित परीक्षा के लिए बलरामपुर डिपो से 10 बसों का चालक एवं परिचालकवार आवंटन सुनिश्चित किया गया है।ङ्ङ इससे परीक्षार्थियों को सार्वजनिक परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

विशेष बसों के संचालन हेतु चालक एवं परिचालकों की ड्यूटी निर्धारित

बलरामपुर डिपो द्वारा विशेष बसों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए वाहनवार चालकों एवं परिचालकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78भ्-2664ङ्ङ पर चालक श्री राम अवधेश जैसवारा एवं श्री राम रुप चौधरी तथा परिचालक श्री आनन्द तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है ङ्ङ। वाहन संख्या ऊझ78ब्-8714ङ्ङ पर चालक श्री अमरेश कुमार वर्मा एवं श्री शैलेन्द्र सिंह तथा परिचालक श्री संकट मोचन तैनात रहेंगे ङ्ङ।वाहन संख्या ङ्ङऊझ78ख्ळ्-2287ङ्ङ का संचालन चालक श्री रमेश चन्द्र द्विवेदी एवं श्री कमरुल हसन तथा परिचालक श्री अनिल कुमार द्वारा किया जाएगा। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78ब्-8725ङ्ङ पर चालक श्री अभिमन्यु मिश्रा एवं श्री विनोद तिवारी तथा परिचालक श्री सुरेन्द्र मिश्रा की ड्यूटी निर्धारित की गई है। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78ख्ळ्-1832ङ्ङ पर चालक श्री सुरेश दत्त शुक्ला एवं परिचालक श्री अवधेश श्रीवास्तव तैनात रहेंगे। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78ब्-8710ङ्ङ पर चालक श्री अजय कुमार शुक्ला तथा परिचालक श्री गोविन्द जयसवाल की ड्यूटी लगाई गई है। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78ख्ळ्-2289ङ्ङ पर चालक श्री विनोद कुमार शुक्ला तथा परिचालक श्री सत्यदेव यादव सेवाएं देंगे। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78प्-3661ङ्ङ पर चालक श्री मनोज कुमार विश्वास तथा परिचालक श्री विपिन कुमार शुक्ला तैनात रहेंगे। ङ्ङवाहन संख्या ऊझ78फ्ऊ-3952ङ्ङ पर चालक श्री प्रताप सिंह तथा परिचालक श्री संतोष कुमार आर्या की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप बढ़ाई जा सकेगी बसों की उपलब्धता

परिवहन निगम द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस संचालन में आवश्यकतानुसार लचीली व्यवस्था रखी गई है। यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार बसों की संख्या घटाई अथवा बढ़ाई जा सकेगी। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर बसों का संचालन अन्य मार्गों पर भी किया जा सकेगा, जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को परिवहन सुविधा का लाभ मिल सके।

मार्ग के प्रत्येक निर्धारित स्टॉपेज से परीक्षार्थियों को मिलेगी बस सुविधा

बलरामपुर डिपो द्वारा सभी संबंधित चालकों एवं परिचालकों को निर्देशित किया गया है कि बस संचालन के दौरान मार्ग में पड़ने वाले प्रत्येक निर्धारित स्टॉपेज से परीक्षार्थियों एवं अन्य यात्रियों को बैठाना सुनिश्चित करें। साथ ही यात्रियों को सुरक्षित ढंग से उनके गंतव्य तक पहुंचाने तथा निर्धारित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए है।

परीक्षार्थियों को मिलेगी बड़ी राहत

परिवहन निगम की इस विशेष व्यवस्था से विशेषकर उन अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए दूसरे जनपद की यात्रा करनी है। विशेष बसों की उपलब्धता से परीक्षार्थियों को यात्रा के लिए अतिरिक्त परिवहन विकल्प मिलेंगे तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा होगी।बलरामपुर डिपो की यह पहल प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले युवाओं के लिए सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। परिवहन निगम का उद्देश्य है कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध हो तथा वे बिना अनावश्यक यात्रा संबंधी परेशानी के अपनी परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

समाधान दिवसः उसका बाजार थाने पहुंचे डीएम-एसपी फरियादियों की सुनी समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। जनसमस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के क्रम में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने थाना उसका बाजार पहुंचकर जनसुनवाई की तथा फरियादियों की समस्याएं सुनीं।



जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने एक-एक कर प्रार्थना-पत्रों का अवलोकन किया और संबंधित राजस्व व पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें। सभी मामलों का स्थलीय निरीक्षण कर शत-प्रतिशत निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिन मामलों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें बिना किसी हीलाहवाली के शीघ्र निस्तारित करें। वहीं जिन प्रकरणों में उच्चाधिकारियों के स्तर से निणय्य होना है, उन पर अविलंब स्पष्ट आख्या लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें, जिससे फरियादियों को समय से राहत मिल सके।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार सहित संबंधित राजस्व कर्मी और पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, हर शिकायत पर फीडबैक लेने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में आईजीआरएस (जनसुनवाई समाधान प्रणाली) के सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान शिकायत सहायक विजय कुमार और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रिंस जैन ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी दी।उन्होंने निर्धारित समय-सीमा का पालन करने, शिकायतकर्ता को संतुष्टिपरक आख्या उपलब्ध कराने और लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया।अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और निस्तारण की गुणवत्ता में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को फोन कर फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए, ताकि समाधान की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके।



उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी करने तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान कर जनसुनवाई प्रणाली के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करना रहा।

जनगणना-2027: द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का डीएम ने किया शुभारंभ, 16 नवंबर से होगी स्वगणना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को आईटीआई बसडिलिया में शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गौरव श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।



जिलाधिकारी ने प्रगणकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम चरण में जिले में सराहनीय कार्य हुआ है। द्वितीय चरण में भी सभी कर्मी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, सतर्कता और पारदर्शिता के साथ निभाएं। उन्होंने समय सीमा से पूर्व त्रुटिरहित जनगणना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए और सीडीओ को संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाने को कहा।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव ने कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण का कार्य पूरा हो चुका है और अब व्यक्तियों की गणना होगी। इसके तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक नागरिक स्वगणना (सेल्फ इन्यूमरेशन) कर सकेंगे। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे।

उन्होंने बताया कि 4 जनवरी की शाम को बेघर (होमलेस) व्यक्तियों का सर्वे होगा। इसके उपरांत 5 से 9 जनवरी 2027 तक रिवीजन राउंड चलेगा, जिसमें जन्म-मृत्यु संबंधी संशोधन दर्ज किए जाएंगे। एडीएम ने स्पष्ट किया कि गणना के दौरान नागरिकों से कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं लिया जाएगा; वे जो सूचना व जाति विवरण देंगे, वही दर्ज होगा। इस चरण में कुल 40 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ निखिल चक्रवर्ती सहित संबंधित अधिकारी, पर्यवेक्षक और प्रगणक उपस्थित रहे।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर सख्ती,9 जनवरी तक मास्टर ट्रेनर और प्रगणक मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। जनगणना-2027 के कार्य को समयबद्ध, त्रुटिरहित और मानकीकृत तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है।जिलाधिकारी एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी उमेश मिश्रा ने समस्त मास्टर ट्रेनर,फील्ड ट्रेनर,प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को,प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारित समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण में 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) कराई जाएगी, जबकि एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक जनसंख्या गणना का क्षेत्रीय कार्य संपन्न होगा।इसके लिए चार्ज स्तर पर नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) आधारित,प्रशिक्षण निर्धारित अवधि में दिया जाएगा।प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, आदेश जारी होने की तिथि से नौ जनवरी 2027 तक संबंधित मास्टर ट्रेनर,फील्ड ट्रेनर,प्रगणक और पर्यवेक्षक मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। प्रशिक्षण अवधि में विशेष परिस्थितियों को छोड़कर जिला जनगणना अधिकारी अथवा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रशिक्षण तिथियों में कोई बदलाव स्वीकार नहीं होगा। आवश्यकता पड़ने पर अवकाश के दिनों में भी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।उन्होंने संबंधित कार्यालयाध्यक्षों और कर्मियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं मरीजों को तत्काल उपचार देने के निर्देश

सीएमओ ने किया जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील तेवतिया ने शनिवार को जिला चिकित्सालय स्थित इमरजेंसी और पोषण पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डा0 शिखर गौतम को मरीजों के उपचार में तत्परता बरतने और अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल और समुचित उपचार मिलना चाहिए। चिकित्सक अपनी सीट पर बैठने के बजाय मरीजों के पास जाकर उनकी स्थिति का आकलन करें और आवश्यक उपचार सुनिश्चित करें। मरीजों को केवल अन्य कर्मचारियों के भरोसे न छोड़ें। उन्होंने इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर की उपलब्धता हर समय बनाए रखने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि आपातकालीन सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने इमरजेंसी में भर्ती बच्ची और उसके परिजनों से बातचीत कर उपचार की जानकारी ली। उन्होंने अन्य मरीजों से भी मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। संबंधित कर्मचारियों को बच्चों के पोषण,देखभाल और उपचार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। सभी चिकित्सक और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।



दिवाली पर एमके भाटिया ग्रुप के एक कर्मचारी को मिलेगी मुफ्त कार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



पंचकूला/मुजफ्फरनगर।प्राप्त समाचार के अनुसार दिवाली पर कर्मचारियों के साथ खुशियां साझा करने की पहल के तहत एमके भाटिया ग्रुप एक कर्मचारी को बिल्कुल मुफ्त कार देने जा रहा है। इसके लिए बुधवार को लकी ड्रॉ आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को चार कारें पहुंचने के बाद कर्मचारियों में उत्साह और बढ़ गया है।अब सभी की निगाहें लकी ड्रॉ के नतीजे पर टिकी है।ग्रुप की इस पहल के तहत 35 कर्मचारियों में से एक भाग्यशाली कर्मचारी का चयन किया जाएगा जिसे दिवाली के मौके पर कार उपहार में मिलेगी। कर्मचारियों के बीच इसे लेकर चर्चाएं तेज है और हर कोई जानना चाहता है कि इस बार किसकी किस्मत चमकेगी।शुक्रवार को चार कारों के पहुंचने से लकी ड्रॉ को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई।ग्रुप की ओर से त्योहार पर कर्मचारी को कार देने की इस पहल को कर्मचारियों के साथ खुशियां बांटने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।वहीं कारों को लेकर पंचकूला में भी चर्चा होने की बात कही जा रही है।इनके कारण सड़कों पर भीड़ और जाम लगने के दावे भी सामने आए है, हालांकि यातायात प्रभावित होने के कारणों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।अब बुधवार को होने वाले लकी ड्रॉ का इंतजार है, जिसके बाद पता चलेगा कि 35 कर्मचारियों में से कौन नई कार का मालिक बनेगा।

मिशन शक्तिः ढेबरुआ पुलिस ने सुलझाया पति-पत्नी का विवाद, राजी-खुशी भेजा घर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

ढेबरुआ (सिद्धार्थनगर)। शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत ढेबरुआ पुलिस की महिला टीम ने शनिवार को पारिवारिक विवाद में उलझे एक दंपत्ति के बीच सुलह कराकर उनके वैवाहिक जीवन को टूटने से बचा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने यह सार्थक पहल की।थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ीहवा खुर्द निवासी आवेदिका उषा पुत्री फागू ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि संयुक्त परिवार में उपजे मतभेद और कहा-सुनी के चलते उसके और उसके पति सूरज पुत्र मुरली (निवासी ग्राम सेमरी खान कोट, थाना इटवा) के बीच आपसी मनमुटाव हो गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के निर्देश पर मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया।

महापुरुषों के आदर्शों से होगा राष्ट्र और समाज का नव निर्माण

भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गणेश शंकर विद्यार्थी और महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व बेला पर आयोजित हुआ प्रेरणादायी कार्यक्रम

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर।नई मंडी स्थित भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी और महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व बेला पर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन, संघर्ष, त्याग, राष्ट्रप्रेम और मानवीय मूल्यों से परिचित कराते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्य हिमांशु ने गणेश शंकर विद्यार्थी के निर्भीक पत्रकारिता जीवन, क्रांतिकारी विचारों और राष्ट्र एवं समाज के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी का जीवन सत्य, साहस, न्याय और जनसेवा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उनके विचार आज भी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते है।विद्यालय की आचार्या भावना ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने क्रौंच पक्षियों की मार्मिक कथा के माध्यम से करुणा, संवेदना और मानवीय मूल्यों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य की महानता उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्मों, विचारों और आचरण से निर्धारित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से सदाचार, परोपकार, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया।समापन अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि जयंती मनाने का वास्तविक उद्देश्य केवल महापुरुषों का स्मरण करना नहीं, बल्कि उनके जीवन-मूल्यों को आत्मसात कर व्यवहार में उतारना है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सद्भाव, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करते है।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण, समाज के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्य के प्रति निष्ठा का संदेश दिया।

16 ग्राम स्मैक के साथ नशे का सौदागर गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी/सिद्धार्थनगर। सीमावर्ती इलाके में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत ढेबरुआ पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को लगभग 16 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के सख्त आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह सफलता हासिल की।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बढ़नी-बलरामपुर मार्ग स्थित घरुआर पुलिया के समीप संदिग्ध स्थिति में खड़े एक युवक की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। युवक के कब्जे से 15.92 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिन्टू 24 वर्ष पुत्र लालबहादुर, निवासी ग्राम लालनगर सिपहिया के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना ढेबरुआ पर धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय भेज दिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय, उपनिरीक्षक राजाराम यादव, हेड कांस्टेबल अनूप कुमार यादव, कांस्टेबल प्रबल कुमार और अरविंद यादव शामिल रहे।



क्षेत्रीय लोगों और सूत्रों के अनुसार, बढ़नी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में युवा पीढ़ी तेजी से नशे के इस भयानक दलदल में धंसती जा रही है। आलम यह है कि स्मैक के साथ-साथ अब नशेड़ी युवक अपने हाथों की नसों में सीधे नशीले इंजेक्शन तक लेने लगे हैं, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है। चर्चा है कि यह पूरा अवैध कारोबार फोन कॉल्स के माध्यम से संचालित होता है और गाँवों की छोटी-मोटी गुमटियों व दुकानों की आड़ में कोडवर्ड के जरिए माल आसानी से खपाया जाता है। वहीं स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि बढ़नी नगर में कई सफेदपोश और शातिर तत्व नशे के इसी काले कारोबार की काली कमाई से रातों-रात मालामाल हो रहे हैं।

क्षेत्र में पूर्व में पकड़े गए मामलों में भी यह बात सामने आ चुकी है कि नशे की यह खेप पड़ोसी जिलों, खासकर बलरामपुर से सीमावर्ती इलाकों में पहुंचाई जाती है। शनिवार को पकड़े गए अभियुक्त का सिरा भी बलरामपुर से जुड़े होने से यह साफ है कि अंतरजनपदीय नेटवर्क सक्रिय है। स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग का मानना है कि केवल कैरियरों की गिरफ्तारी तक सीमित न रहकर यदि पुलिस इस सप्लाई चेन के मूल स्रोत और अवैध कमाई से तिजोरियां भरने वाले स्थानीय चेहरों तक पहुंचे, तभी इस पूरे सिंडिकेट पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के अनुसार, क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार और सप्लायरों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों को भी चिन्हित कर सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हत्या की आशंका, सामान बिखरा एवं बक्सों के ताले टूटे होने से प्रथम दृश्यता लूट की भी चर्चा



प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बिधूना कोतवाली क्षेत्र के बंथरा गांव में एक घर में अकेली रह रही वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने और बक्सों के ताले टूटे होने एवं घर में सामान बिखरा पड़ा होने से हत्या के साथ लूट की भी आशंका जताई जा रही है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है मृतका के किसी शहर में बाहर रह रहे परिजनों के आने पर ही घटना की स्थिति स्पष्ट होने की पुलिस कह रही बात। इस घटना से क्षेत्र में फैली सनसनी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंथरा में लगभग 62 वर्षीय भूरी देवी पतने अनंगपाल सिंह अपने मकान में अकेली रहती थी उनके सभी परिजन बाहर किसी शहर में नौकरी, काम धंधा करते हैं इसी के चलते शुक्रवार की सुबह सोनू पुत्र महिपाल सिंह की भतीजी भूरी देवी के यहां तसला मांगने गई और गेट खटखटाने पर कोई जवाब न मिलने पर जब छत पर चढ़कर देखा गया तो भूरी देवी को साड़ी से मुंह बंद पड़ा देखा गया जिस पर लोगों ने अंदर जाकर मुंह पर बंधी साड़ी खोली लेकिन इसके पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मृतका भूरी देवी के पारिवारिक भतीजे सोनू सिंह ने बताया है कि उनकी चाची भूरी देवी के घर में देखने पर सामान बिखरा पड़ा हुआ था और बक्सों के ताले भी टूटे पड़े थे जिससे प्रथम दृष्टया आंशका है कि उनकी चाची की हत्या एवं लूटपाट भी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी विनेश कुमार सिंह जादौन पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और बाद में अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा व सीओ बिधूना पी पुनीत मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई वहीं मृतका के किसी शहर में बाहर रह रहे परिजनों को भी सूचना दे दी गई है और परिजनों के आने के बाद ही घटना की वास्तविकता की स्थिति स्पष्ट होने की पुलिस द्वारा बात कही जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने बताया है कि बंथरा गांव में महिला की मौत की सूचना पुलिस को मिली थी जिस पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है महिला के परिजन बाहर रहते है और उनके आने के बाद स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

इकदिल थाना समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

शिकायतों के निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। माह के चौथे शनिवार को थाना इकदिल में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक शिकायत की जांच निष्पक्षता से करते हुए तथ्यों के आधार पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ ही अनावश्यक देरी से बचने और निर्धारित समयसीमा के भीतर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।समाधान दिवस में पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

नेशनल हाईवे ओवरब्रिज पर बस का टायर फटा, यात्री गंभीर घायल

लोहे की चद्दर फटने से पैर में लगी चोट, मेडिकल कॉलेज रेफर

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अनंतराम ओवरब्रिज पर मजदूरों से भरी बस का पिछला टायर तेज धमाके के साथ फट गया। टायर फटने से बस के अंदर लगी लोहे की चद्दर भी फट गई, जिसकी चपेट में आने से 52 वर्षीय यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र से मजदूरों को लेकर बस जसवंतनगर स्थित ईंट भट्ठे पर जा रही थी। ओवरब्रिज पर कंडक्टर की तरफ का पिछला टायर फटने से लोहे की चद्दर क्षतिग्रस्त हो गई। इससे राठ के बंधवा निवासी राम अवतार के पैर में गंभीर चोट आई। चालक प्रदीप कुमार ने बस को नियंत्रित कर सुरक्षित रोक लिया। स्थानीय लोगों ने घायल को सीएचसी अजीतमल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज चिचैली रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को सड़क किनारे खड़ा कराकर यातायात सुचारू कराया।

सिद्ध पीठ कालीवाहन मंदिर में महामंडलेश्वर नंदिनी नंद गिरी ने कराया भव्य भंडारा

नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, माता रानी के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। नवरात्रि के पावन अवसर पर सिद्ध पीठ कालीवाहन मंदिर में सनातनी किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर नंदिनी नंद गिरी के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान महामंडलेश्वर ने अपनी टोली एवं अखाड़े के गद्दीधारक किन्नरों के साथ माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया।धार्मिक आस्था और भक्तिभाव से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में माता रानी के जयकारों के बीच भक्तिमय वातावरण बना रहा।महामंडलेश्वर नंदिनी नंद गिरी ने



नवरात्रि के पावन पर्व पर सेवा, समर्पण और धर्म के प्रति आस्था का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भंडारे के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सेवा, सहयोग और आपसी सद्भाव की भावना को भी बढ़ावा दिया गया।सिद्ध पीठ कालीवाहन मंदिर में आयोजित इस भव्य भंडारे में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के दौरान भक्तों में माता रानी के प्रति गहरी श्रद्धा देखने को मिली।

सीएमएस ने समस्या सुनने के बजाय मरीज को दूसरे कमरे में दिखने की कही बात व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

ओपीडी में एक डॉक्टर के सहारे रामाधीन 50 शैय्या अस्पताल, मरीज परेशान





प्रातः काल एक्सप्रेस

बकेवर इटावा। स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का एक और मामला सामने आया है। बकेवर स्थित रामाधीन 50 शैय्या अस्पताल वर्तमान में भगवान भरोसे चल रहा है, जहां भारी लापरवाही और डॉक्टरों की भारी कमी देखने को मिल रही है। अस्पताल की ओपीडी में मात्र एक ही डॉक्टर के बैठने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में व्याप्त व्यवस्थाओं का जायजा लेने और स्थिति की सच्चाई जानने के लिए जब एक स्थानीय पत्रकार ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (एएस) से संपर्क किया, तो उनकी तरफ से गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आया। सीएमएस ने समस्या सुनने के बजाय केवल इतना कहकर पल्ला झाड़ लिया कि 'मरीज को दो नंबर कमरे में दिखाओ, मैं मीटिंग में व्यस्त हूं।' जिम्मेदार अधिकारियों के इस तरह के रवैये से स्थानीय लोगों और मरीजों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों और तीमारदारों का कहना है कि जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं मिलेंगे और अधिकारी बात सुनने से इनकार करेंगे, तो गरीब मरीजों को इलाज के लिए मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ेगा। जनता ने उच्चाधिकारियों से इस मामले का संज्ञान लेकर अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

श्री सुमंगलम का स्थापना दिवस आज राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य होंगे मुख्य अतिथि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी/प्रयागराज। अनाथ और परित्यक्ता नारी के जीवन स्तर को संवारने के लिए पिछले 13 वर्षों से कार्यरत संस्था श्री सुमंगलम का स्थापना दिवस समारोह 25 अक्टूबर, रविवार को प्रातः 10 बजे से शुभ मंगलम परिसर, चांदी में दिव्य एवं भव्य रूप से मनाया जाएगा।

संस्था के मीडिया प्रभारी पूर्व पार्षद पवन श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असम के राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण आचार्य, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद राधाकांत ओझा और उद्योगपति आरके चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्था ने सभी सेवाभावी लोगों से सहभागिता की अपील की है।

रोटरी अरिहंत ने विश्व पोलियो दिवस पर कुष्ठ रोगियों के बीच बांटी खुशियां

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विश्व पोलियो दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अरिहंत ने 'प्रोजेक्ट करुणा - सेवा एवं सम्मान' के तहत लेप्रोसी मिशन हॉस्पिटल, नैनी में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कुष्ठ रोग से प्रभावित 150 से अधिक लोगों के बीच भोजन एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें समाज का अभिन्न अंग होने का एहसास कराना था। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन मंदीप श्रीवास्तव ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और अपनत्व का अनुभव कराना भी है। क्लब संस्थापक एवं प्रोग्राम चेयरमैन शशांक जैन ने कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लाना है।? चार्टर प्रेसिडेंट डॉ. कीर्ति अग्रवाल ने कहा कि मानवता की सेवा ही रोटरी की पहचान है, जबकि चार्टर सेक्रेटरी प्रीति जैन ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंकित अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



औरैया में एमएलसी चुनाव के दौरान हंगामा, सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प

प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। आगरा खंड शिक्षक एवं सनतक विधान परिषद चुनाव के दौरान शुक्रवार को अजीतमल ब्लॉक में मतदान के दौरान हंगामा हो गया। क्षेत्र पंचायत कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सपा कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।सपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 139 (शिक्षक) और बूथ संख्या 223 (सनतक) पर बूथ कैप्चरिंग, मतदान अभिकर्ताओं से मारपीट और उन्हें कमरे में बंद करने के आरोप लगाते हुए दोबारा मतदान और कार्रवाई की मांग की। सूचना पर सपा विधायक प्रदीप यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम सहित कई नेता मौके पर पहुंचे। हंगामे की सूचना पर जिलाधिकारी ब्रजेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और कार्यकर्ताओं की शिकायतें सुनीं। मतदान केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। शाम चार बजे तक मतदान निर्धारित था, दोपहर करीब तीन बजे हंगामा शुरू हुआ था। उधर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सौरभ भूषण शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को सपा से निष्पक्षता का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है और चुनाव निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। फिलहाल बूथ कैप्चरिंग के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



औरैया जनपद में लगातार चोरियों से पुलिस व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

सेंगनपुर में बीती रात सूने घर से चोरों ने लाखों का माल किया पार

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में दहशत का माहौल है, चोर खुले आम पुलिस को चुनौती दे रहे है, क्षेत्र के कस्बा सेंगनपुर स्थित एक सुने घर को निशाना बनाकर चोरों ने गुरुवार की रात नकदी समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर निवासी इसरार खां पुत्र अनवार खां ने हाल ही में अकबरपुर गांव के बाहर सड़क किनारे नया मकान बनवाया है। पूरा परिवार फिलहाल नए मकान में शिफ्ट हुआ है। गुरुवार शाम को परिवार पुराने मकान पर गया था और रात हो जाने पर वहीं रुक गए थे। शुक्रवार सुबह जब परिवार अकबरपुर स्थित मकान पर पहुंचा तब चोरी की घटना का पता चला। रात में अज्ञात चोरों ने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस कर कमरे में रखी सेफ में रखा जेवर व नकदी चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची अयाना थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर परिवार से तहरीर ले ली। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

प्रदेश मंत्री पूजा बिंद का मीरजापुर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत



प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय बरौंधा कछार पर प्रदेश मंत्री पिछड़ा मोर्चा एवं मीरजापुर-सोनभद्र की प्रवासी पूजा बिंद के प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि भाजपा संगठन समर्पित कार्यकर्ताओं और मजबूत संरचना के बल पर आगे बढ़ रहा है। पूजा बिंद ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने जो विश्वास जताया है, उससे मीरजापुर-सोनभद्र क्षेत्र में पिछड़ा मोर्चा की गतिविधियों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सियाराम बिंद ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश पटेल, उपाध्यक्ष कमलेश यादव, विद्याशंकर मौर्य, जिलामंत्री कमलेश मौर्य, शिवम मोदनवाल, राकेश कुमार बिंद, मीडिया सह प्रभारी विजय शक्ति दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस सांसदों ने चुनाव आयोग पर लगाया वोट चोरी का आरोप

1 नवंबर को रामलीला मैदान में रैली

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को प्रेसवार्ता में अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान चला रही है।सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लगातार चुनाव में हेराफेरी के सवाल उठा रहे हैं, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता चुप्पी साधे हुए है और भाजपा सरकार उनके बचाव में सामने



आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े स्तर पर नाम काटे-जोड़े जा रहे है और वोट चोरी के जरिए सरकारें बनाई जा रही है, जिससे लोकतंत्र पर आंच आ रही है। औजला ने कहा कि सहारनपुर में बड़े पैमाने पर मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गई है और पीलीभीत में प्रशासनिक जांच में गड़बड़ी मिलने पर कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई भी हुई है। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा और आरएसएस संवैधानिक संस्थाओं पर शिकंजा कस रहे है। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस सपा गठबंधन के साथ लड़ेगी। पार्टी चुनाव लड़ने वाली सीटों का चयन कर रही है और जल्द ही शीर्ष नेतृत्व अखिलेश यादव के साथ बैठकर सीट बंटवारे को अंतिम रूप देगा।

चिलकाना पुलिस ने 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर 3,540 रुपये और ताश की दो गड्डियां को न्यायालय में किया पेश

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना (सहारनपुर)। चिलकाना पुलिस ने क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर जुआ खेलते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त 3,540 रुपये की नकदी और ताश की दो गड्डियां बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार देर शाम चिलकाना पुलिस टीम गश्त और चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम कालू माजरा जाने वाले रास्ते पर ट्यूबवेल के पास तथा नलहेड़ा जाने वाले रास्ते पर सलूरी घाट के निकट छापेमारी की। पुलिस ने मौके पर जुआ खेलते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।? गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन पुत्र नखलीराम और अंकुर पुत्र कुलवीर सिंह निवासी ग्राम घोड़ापीपली, थाना बुड़िया, जिला यमुनानगर (हरियाणा); अमजद पुत्र अनवर निवासी ग्राम पठेड़, थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर; वासिर पुत्र नासिर और राजाराम पुत्र फुल्लू निवासी ग्राम दुमझेड़ा, थाना चिलकाना, जिला सहारनपुर; तथा जावेद पुत्र सलीम निवासी ग्राम रायपुर, थाना सदर, जिला यमुनानगर (हरियाणा) के रूप में हुई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मनोहरपुर में विशेष अभियान का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने विकासखंड बलियाखेड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर में बूथों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से ऐप के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि कोई भी अर्ह मतदाता नामावली से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर अर्ह नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं का अनिवार्य रूप से फॉर्म-6 भरवाएं।जिलाधिकारी ने जनसाधारण से अपील की कि वे अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 बीएलओ के पास जमा करें या ऑनलाइन भरें। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एसडीएम विकास कुमार पांडेय सहित सभी बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

डीएम ने मनोहरपुर विद्यालय में बूथों का निरीक्षण किया, 18 वर्ष के युवाओं का फॉर्म-6 भरवाने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने विकासखंड बलियाखेड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर में बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से ऐप के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिया कि कोई भी अर्ह मतदाता छूटने न पाए। घर-घर जाकर छूटे हुए नागरिकों को प्रेरित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं का अनिवार्य रूप से फॉर्म-6 भरवाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक फॉर्म-6 बीएलओ के पास जमा कर सकते है या ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, एसडीएम विकास कुमार पांडेय सहित सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर मौजूद रहे।

शांति व्यवस्था भंग करने पर 4 अभियुक्त गिरफ्तार, बीएनएसएस के तहत कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली मंडी पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान शांति भंग की आशंका पर कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में तैयब पुत्र शाहजहां, तैयबा पुत्री शाहजहां, जैनब पुत्री शाहजहां और फरजाना पतने शाहजहां शामिल है। सभी तेलियों का चौक मोहल्ला सराय अहमद अली, थाना मंडी क्षेत्र के निवासी है।? पुलिस ने चारों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत विधिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

ऑपरेशन क्लीन के तहत 455 लीटर अवैध शराब का निस्तारण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में माल निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत थाना गागलहेड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। न्यायालय एसीजेएम द्वितीय सहारनपुर के आदेश पर थाना प्रांगण में गठित समिति की मौजूदगी में 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित 44 मुकदमों में जब्त कुल 455 लीटर अवैध देशी, गैर प्रांत हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश मार्का की शराब का विधिक निस्तारण किया गया। यह शराब वर्ष 2022 से 2025 तक के अभियोगों में बरामद की गई थी। समिति में क्षेत्राधिकारी सदर अध्यक्ष के रूप में, अभियोजन अधिकारी राजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, आबकारी निरीक्षक विकास यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नियमानुसार गड्ढा खोदकर शराब को विनष्ट किया गया।

कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, 2 शातिर चोर गिरफ्तार, भारी मात्रा में जेवरात बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने घर में घुसकर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।घटना का विवरणः दिनांक 16 अक्टूबर 2026 को वादी फतेह मोहम्मद निवासी अहमद कॉलोनी ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों



ने उसके घर में घुसकर ज्वेलरी और नकदी चोरी कर ली है। इस पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा संख्या 523/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस कार्रवाईः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी द्वितीय के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक हृदय नारायण सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर नवनिर्मित हाईवे बड़ी नहर पुल के पास से दो अभियुक्तों को पकड़ा।1. असगर पुत्र चंदू निवासी ग्राम हबीबगढ़, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर2. सोनू पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला गढ़ी रोड, थाना सिटी, यमुनानगर, हरियाणाबरामदगीः अभियुक्तों के कब्जे से 6 कंगन, 2 गले के हार, 4 अंगूठी, 1 टीका, 4 झुमके, 2 कान के टॉप्स, 6 नाक की नथ, 8 पाजेब, 3 अंगूठी, 2 बिछुए, 3 हाथ घड़ी, 1 मटर माला, 3 हार, 31 छोटे-बड़े झुमके, 8 टीके मूंगा जड़े, 7 चूड़ी व 9 मूंगा की माला बरामद हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया है।

मीडिया क्लब ऑफ इंडिया का पुनर्गठन, आदेश सैनी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। मीडिया क्लब ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यालय पर शनिवार को पत्रकारों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता ठा. योगेश सिंह कुशवाहा और संचालन मुशर्रफ सिद्दीकी ने किया। बैठक में संगठन के पुनर्गठन के साथ पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुशर्रफ सिद्दीकी और दिलावर को संरक्षक नियुक्त किया गया। आदेश सैनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, अरशद मंसूरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ठा. योगेश सिंह कुशवाहा को महासचिव, काशिफ को राष्ट्रीय सचिव, राशिद अंसारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता, वसीम मंसूरी को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, दीपक कुमार को राष्ट्रीय संगठन मंत्री और सतीश कौशिक को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। मोनू कुमार को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश सैनी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट कर उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है। यदि किसी पत्रकार के साथ अन्याय या उत्पीड़न होता है तो संगठन उसकी आवाज उचित मंचों तक पहुंचाएगा।

घर में चोरी करने वाले 2 शातिर चोर गिरफ्तार, नशे की लत के लिए देते थे वारदात को अंजाम

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने घर में घुसकर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में चोरी के जेवरात बरामद किए गए हैं।मामलाः 16 अक्टूबर को अहमद कॉलोनी निवासी फतेह मोहम्मद ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने घर से ज्वेलरी व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा संख्या 523/2026 धारा 305(ए) बीएनएस में केस दर्ज किया।कार्रवाईः एसएसपी अभिनन्दन के निर्देश पर एसपी नगर व सीओ द्वितीय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हृदय नारायण सिंह की टीम ने सीसीटीवी व मुखबिर की मदद से नवनिर्मित हाईवे बड़ी नहर पुल के पास से दो आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तारः असगर पुत्र चंदू निवासी हबीबगढ़, सहारनपुर और सोनू पुत्र यामीन निवासी यमुनानगर, हरियाणा। पूछताछ में खुलासाः दोनों दोस्त हैं और नशे के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी करते हैं। पुलिस ने धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया।

लंबे संघर्ष के बाद सहारनपुर से डंडोलीखेड़ा के लिए बस सेवा दोबारा शुरू

फरहाद आलम गाडा के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को मिली राहत



चिलकाना। लंबे समय से चली आ रही मांग और लगातार प्रयासों के बाद सहारनपुर से डंडोलीखेड़ा के लिए बस सेवा दोबारा शुरू हो गई है। इससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। बस सेवा बंद होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समाजवादी पार्टी के नेता फरहाद आलम गाडा लंबे समय से संबंधित अधिकारियों और परिवहन विभाग के समक्ष बस सेवा बहाल कराने की मांग उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रवासियों की परेशानी कम होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बस का संचालन नियमित रूप से जारी रहेगा और लोगों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, 23 ग्राम स्मैक के साथ 1 गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। डीआईजी सहारनपुर परिक्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सवेरा - नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान के तहत थाना कुतुबशेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एसपी नगर व सीओ नगर प्रथम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग के दौरान 1 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तः वसीम पुत्र आजाद निवासी हाकमशाह/जयमल कॉलोनी, थाना कुतुबशेर। पुलिस ने उसे अंबाला रोड दबनी कब्रिस्तान के पास तालाब किनारे से पकड़ा और कब्जे से 23 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। आरोपी के विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर मुकदमा संख्या 500/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

फतेहपुर पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 4 को किया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



छुटमलपुर, सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसपी ग्रामीण व सीओ सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में 24 अक्टूबर को ग्राम मुजफ्फराबाद में कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार व्यक्तिः कर्मवीर पुत्र प्रसादा (47), विजयपाल पुत्र चेतराम (68), शकुन्तला पतने कर्मवीर (45) और किरण पतने काला (35), सभी निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद, थाना फतेहपुर। पुलिस ने सभी के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत चालानी कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, एसआई अंकुर चौधरी, हेड कांस्टेबल बबलू राणा, कांस्टेबल जितेंद्र और महिला कांस्टेबल बीरवती शामिल रहे।

दून वैली पब्लिक स्कूल में 'संकल्प से सफलता तक' विषय पर प्रेरणादायक सत्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवबंद (सहारनपुर)। द दून वैली पब्लिक स्कूल देवबंद में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 'संकल्प से सफलता तक' विषय पर प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विद्यालय के डायरेक्टर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रसिद्ध वक्ता अनुराग सिंघल रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य, दृढ़ संकल्प, अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास को सफलता का मंत्र बताया। टाइम मैनेजमेंट, विजन बोर्ड, मैनिफेस्टेशन और



कृतज्ञता भाव पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सफलता सपने देखने से नहीं, बल्कि सही दिशा में निरंतर परिश्रम से मिलती है। प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने कहा कि यह सत्र विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल है।

कोतवाली मंडी पुलिस ने शांति भंग के आरोप में 4 को किया गिरफ्तार



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना कोतवाली मंडी पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के तहत 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग व गश्त के दौरान इन्हें पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त - तैयब पुत्र शाहजहां, तैयबा पुत्री शाहजहां, जैनब पुत्री शाहजहां और फरजाना पतने शाहजहां, सभी निवासी तेलियों का चौक, मोहल्ला सराय अहमद अली, थाना मंडी क्षेत्र के हैं। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।